हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026


**तापमान**
अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 18.4 डिग्री

# प्रेमी जोड़ों को हनुमान चालीसा के साथ समझाइश, दंड की चेतावनी भी, पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

वैलेंटाइन डे मनाने से रोकने बजरंग दल के कार्यकर्ता एक दिन पूर्व से सक्रिय हो गए हैं। बजरंग दल के कार्यकर्ता शुक्रवार को राजीव गांधी स्मृति वन सहित अन्य पार्क पहुंचे और प्रेमी जोड़ों को समझाइश देने के साथ हनुमान चालीसा का वितरण किया। बजरंग दल के नेताओं ने शनिवार को शहर के सभी पार्क की निगरानी करने के साथ प्रेमी जोड़ों को अश्लील हरकत करते पाए जाने पर दंड देने की चेतावनी दी है।

वैलेंटाइन डे के दिन किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने रायपुर पुलिस सक्रिय हो गई है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

पुलिस कमिश्नर ने तीनों जोन के डीसीपी को अपने क्षेत्र के पार्क तथा सार्वजनिक स्थान पर पुलिस बल की तैनाती करने के साथ असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

## वैलेंटाइन के नाम पर अश्लीलता रोकने बजरंगदल, दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता पार्क की निगरानी करेंगे

### सादी वर्दी में भी तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

वैलेंटाइन डे के दिन किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने शहर के सभी उद्यान तथा सार्वजनिक स्थानों पर महिला के साथ पुरुष पुलिस कर्मियों की सादी वर्दी में तैनाती की जाएगी। संवेदनशील गार्डन तथा सार्वजनिक स्थानों की विशेष निगरानी करने पुलिस ने चेतावनी दी है। पुलिस कमिश्नरेट के नार्थ ▶▶| शेष पेज 13 पर





### पिछली घटना से सबक

पिछले वर्ष 24 दिसंबर को धर्मांतरण के विरोध में रायपुर बंद के दौरान मैग्नोटो मॉल में क्रिसमस डे के अवसर पर तोड़फोड़ की घटना के बाद पुलिस विशेष सतर्कता बरत रही है। वैलेंटाइन डे के दिन किसी तरह से उत्पात रोकने पुलिस कमिश्नर ने सभी अफसरों को चेतावनी देते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं।

### *हनुमान चालीसा के बाद देंगे दंड*

*बजरंल के जिला अध्यक्ष योगेश सैनी के अनुसार वैलेंटाइन डे के एक दिन पूर्व कार्यकर्ता राजीव स्मृति वन सहित अन्य उद्यान में पहुंचकर प्रेमी जोड़ों को समझाइश देते हुए उन्हें सनातन धर्म के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्रेमी जोड़ों को हनुमान चालीसा दिया। बजरंदल के अध्यक्ष के अनुसार नई युवा पीढ़ी पाश्चात्य संस्कृति से जुड़े पर्व मनाने से बच रही है। वैलेंटाइन डे के दिन बजरंग दल तथा दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ता पार्कों की निगरानी करेंगे। पार्क में किसी प्रेमी जोड़े द्वारा अश्लील हरकत पाए जाने पर दंड देने की चेतावनी दी है।*

### *कानून व्यवस्था बनाए रखने पूरी तैयारी*

*वैलेंटाइन डे के दिन किसी भी तरह की कानून व्यवस्था को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रायपुर कमिश्नरेट के तीनों जोन के डीसीपी ने कानून व्यवस्था बनाए रखने पूरी तैयारी की है।*

*- डॉ. संजीव शुक्ला, पुलिस कमिश्नर रायपुर*

# दिल्ली जाने अप्रैल में हर दिन सिर्फ 2 ट्रेन, साप्ताहिक होने से बुकिंग तेज, मुंबई के लिए गीतांजलि पर दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

अप्रैल के शुरुआत में दिल्ली और मुंबई की ट्रेनों के रद्द होने के बाद अब लोगों ने दूसरी ट्रेनों में बुकिंग तेज कर दी है। रेलवे ने 5 अप्रैल से 24 तक 14 ट्रेनों को रद्द किया है, जो रायपुर से होकर गुजरती हैं। छत्तीसगढ़, एलटीटी एक्सप्रेस, गोडवाना, समेत ज्ञानेश्वरी, समता एक्सप्रेस ट्रेनों के एक साथ रद्द होने से यात्री अब दिल्ली के लिए संपर्क क्रांति, राजधानी, हमसफर एक्सप्रेस को चुन रहे हैं। वही मुंबई के लिए समरसत्ता व हावड़ा मेल को अपना नया विकल्प बना रहे हैं। बता दें कि 5 से 24 के बीच दिल्ली के लिए हर दिन दो ट्रेन का विल्कप बना हुआ है, जो सामान्य दिनों में चार तक होता है। मुंबई रूट की तुलना में दिल्ली की ट्रेनों में यात्रियों का दबाव अप्रैल में बढ़ेगा। संपर्क क्रांति सप्ताह में तीन दिन, वहीं राजधानी और हमसफर दो दिन चलती है। ऐसे में यात्रियों ने इन ट्रेनों में बुकिंग करवाना शुरू कर दिया है। दिल्ली की ट्रेनों में वर्तमान में सीट पर्याप्त है, लेकिन 5 से 10 अप्रैल के बीच की स्लीपर और थर्ड एसी में आरएसी भी शुरू होने लगे हैं।

**खास बातें**

- ट्रेनों के रद्द होने के बाद दूसरी ट्रेनों में अब यात्री खरीद रहे टिकट, जल्द दिल्ली और मुंबई की ट्रेनों में शुरू होगी वेटिंग
- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में अधोसंरचना विकास कार्य से आज और कल रद्द रहेगी दर्जन मेमू ट्रेन



### मुंबई के लिए अब शुरू होगी वेटिंग

रायपुर से मुंबई जाने के लिए अप्रैल में दिन में दो से तीन ट्रेनों की सुविधा मिलेगी। इस बीच ज्ञानेश्वरी और एलटीटी एक्सप्रेस रद्द है, जिसके बाद अब यात्रियों को गीतांजलि, हावड़ा मेल और समरसत्ता एक्सप्रेस में टिकट लेना शुरू कर दिया है। बता दें कि तीनों ट्रेनों में सीटों की संख्या स्लीपर, एसी में लगभग खत्म होने को हैं। ऐसे में एक से दो दिनों में आरएसी और वेटिंग भी शुरू हो जाएगा। महीने के अंत तक मांग बढ़ने से रेलवे नो रूम भी कर सकता है। अप्रैल में गीतांजलि एक्सप्रेस यात्रियों का दबाव बढ़ेगा।

### आज और कल रद्द रहेगी यह ट्रेन

- 68721 रायपुर - डोंगरगढ़ मेमू 14 फरवरी, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68723 डोंगरगढ़ - गोंदिया मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68724 गोंदिया - रायपुर मेमू - 14, 15 फरवरी एवं 14, 15 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68741 दुर्ग - गोंदिया मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68744 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी - गोंदिया मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68711 डोंगरगढ़ - गोंदिया मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी - गोंदिया मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68715 बालाघाट - नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68714 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी - बालाघाट मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी। ▶▶| शेष पेज 13 पर

# समय पर नहीं भेजे प्रायोगिक परीक्षाओं के अंक तो स्कूलों पर लगेगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सभी स्कूलों को नोटिस भेजकर स्पष्ट किया है कि वे बच्चों के प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट और इंटरनल असेसमेंट के नंबर तय समय पर बोर्ड की वेबसाइट पर डाल दें। इस कदम का मकसद है कि नंबरों को लेकर कोई गड़बड़ी न हो और रिजल्ट में देरी न आए। सीबीएसई बोर्ड ने चेतावनी दी है कि अगर स्कूल 14 फरवरी तक ये नंबर अपलोड नहीं करते हैं तो उन पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। बोर्ड का मानना है कि परीक्षा लेने के साथ-साथ नंबरों का डेटा सही समय पर दर्ज करना भी बहुत जरूरी है। अगर नंबर समय पर पोर्टल पर अपडेट हो जाएंगे तो आखिरी वक्त में गलती होने का डर नहीं रहेगा और फाइनल रिजल्ट तैयार करने संबंधित कार्य में तेजी आएगी। इससे छात्रों को भी फायदा होगा और समय से नतीजे जारी ▶▶| शेष पेज 13 पर

- आज अंतिम दिवस, इसके पश्चात नहीं दिया जाएगा मौका
- समय पर नतीजे जारी करने कवायद, इस बार बरती जाएगी सख्ती

### *नहीं बदल सकेंगे अंक*

*सीबीएसई बोर्ड के नियम के मुताबिक, स्कूलों को नंबर अपलोड करते समय बहुत ध्यान रखना होगा। एक बार नंबर पोर्टल पर सेव हो गए तो उनमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा। अगर किसी छात्र के नंबर गलत अपलोड हो जाते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेदारी स्कूल की होगी। इससे न केवल रिजल्ट आने में देरी हो सकती है, बल्कि छात्र के भविष्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है। जो स्कूल बोर्ड की बात नहीं मानेंगे, उन पर सीबीएसई सख्त कार्यवाही कर सकता है। इस बार सख्ती बरतते हुए जुर्माना लेने की तैयारी है।*







# छत्तीसगढ़ के स्तरीय रेस्टोरेंट अब नहीं बेच सकते सस्ती शराब, पिलानी होगी हाई ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के सभी स्तरीय रेस्टोरेंट में अब कम कीमत वाली सी ग्रेड की शराब नहीं बेची जा सकेगी। ये रेस्टोरेंट अब केवल हाईग्रेड की शराब ही बेच पाएंगे। आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो राज्य की नई बार पॉलिसी में यह एक नई शर्त शामिल की गई है। यही नहीं, किसी होटल या बैंकेट हाल में अगर कोई शराब पार्टी देना चाहता है, तो उसे अनुमति के लिए आबकारी कमिश्नर के पास आवेदन नहीं करना होगा, जिले के कलेक्टर ही यह अनुमति देने के लिए अधिकृत किए गए हैं। राज्य में 1 अप्रैल से शराब बिक्री का नया वित्तीय वर्ष शुरु होगा। सरकार के नियम के मुताबिक हर साल के लिए नीति निर्धारण किया जाता है और निर्देश जारी होते हैं। इसी क्रम में वर्ष 2026-27 के लिए भी बार पॉलिसी जारी की गई है। अब से पहले स्तरीय रेस्टोरेंट में किस तरह की शराब पिलाना है इसका कोई हिसाब तय नहीं था। लेकिन अब बदलाव ये हुआ कि स्तरीय रेस्टोरेंट केवल हाइग्रेड शराब ही पिलाएंगे। जानकारों का मानना है कि इसके पीछे ये वजह हो सकती है कि स्तरीय रेस्टोरेंट में सी ग्रेड की शराब उपलब्ध ही न रहे। वहां अगर हाईग्रेड की शराब बिकेगी तो उसी अनुपात में सरकार को राजस्व भी मिलेगा।

- छत्तीसगढ़ की 2026-27 के लिए बार पॉलिसी
- शराब पार्टी का लाइसेंस अब कलेक्टर के हाथ



### शराब पार्टी की अनुमति कलेक्टर के हाथ

नई बार पॉलिसी में वर्ष 2026-27 के लिए होटल के बैंक्वेट हॉल आदि में आयोजित पार्टी या कान्फ्रेन्स के लिए एफ.एल.5/एफएल 5 क लाइसेंस प्राप्त किये जाने हेतु आबकारी आयुक्त से पूर्वानुमति लिये जाने संबंधी प्रावधान को समाप्त किया गया है।। ऐसी अनुज्ञप्ति( लाइसेंस) संबंधित जिले के कलेक्टर द्वारा की जा सकेगी। एफएल5 एवं एफएल 5 क लाइसेंस जिले के कलेक्टर द्वारा जारी करने के पूर्व, आवेदित स्थल का नियमानुसार निरीक्षण किया जाएगा। अनुज्ञप्ति धारक के लिए यह अनिवार्य शर्त होगी कि आयोजित होने वाली पार्टी या आयोजन या कांफ्रेन्स संबंधी विवरण का अभिलेख रखेगा। आबकारी विभाग के निरीक्षणकर्ता अधिकारी को निरीक्षण के समय अभिलेख का अवलोकन भी कराया जावेगा। पीने-पिलाने की अवधि दोपहर 12 से रात 12 बजे तक होगी।

### बची शराब होगी नष्ट, नहीं तो मानी जाएगी अवैध

नीति में ये साफ किया गया है कि एफएल5 और 5क अनुज्ञप्ति की अवधि की समाप्ति पर अनुज्ञप्तिधारी द्वारा बचत मदिरा स्कंध( स्टॉक) का संपूर्ण विवरण सहित अभ्यर्पण हेतु प्रस्तुत किया जावेगा तथा उपभोग से शेष रही मदिरा का अभ्यर्पण नहीं किये जाने की दशा में उक्त मदिरा अवैध मानी जावेगी। उपभोग से शेष रही मदिरा का विधिवत नियमानुसार नष्टीकरण जिला स्तर की समिति गठित कर किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार एक दिन की पार्टी के लिए अनुमति का अधिकार आबकारी कमिश्नर की जगह जिला कलेक्टर को दिए जाने के पीछे कारण ये है कि पार्टी देने वालों के आसानी से अनुमति या लाइसेंस मिल सके। इसके साथ ही यह बदलाव इसलिए भी किया गया है कि अवैध शराब पर रोक लगाई जा सके। होता ये था कि अगर कोई व्यक्ति फार्म हाउस में या किसी अन्य स्थान पर शराब की पार्टी देने के लिए कहीं से शराब लाकर परोसने का काम करता था, आबकारी नियम के मुताबिक यह करना अपराध है। लेकिन अब शराब पार्टी देने वाले अपने जिले के कलेक्टर से ही अनुमति एवं लाइसेंस लेकर वैध तरीके से शराब पिलवा सकेंगे।

## खबर संक्षेप



### कश्यप ने सुनीं समस्याएं

रायपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने सहयोग केंद्र में कार्यकर्ताओं के द्वारा आए आवेदनों का निराकरण करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया है। कई आवेदनों का तत्काल ही निराकरण किया गया। श्री कश्यप ने कार्यकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण करते हुए कहा, सहयोग केंद्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं के आवेदनों का निराकरण लगातार किया जा रहा है।

### कांग्रेस बोली- गृह विभाग की उपलब्धियां कागजी

रायपुर। गृहमंत्री विजय शर्मा के द्वारा 2 साल में गृह विभाग की जो उपलब्धियां बताई गई हैं वह केवल कागजी और मनगढ़त हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गृहमंत्री प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था के बारे में मौन रहे। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद आधा दर्जन से अधिक बार जनता बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में सड़कों पर उतर कर हिंसक आंदोलन करने को मजबूर हुई है। श्री शुक्ला ने कहा, गृह मंत्री कहते हैं उन्होंने 32 बंग्लादेशी नागरिकों को प्रदेश से बाहर निकाला, उनकी केंद्र सरकार कहती है देश में कोई घुसपैठिये नहीं है। सही कौन बोल रहा, मोदी सरकार या विजय शर्मा। देश में 12 सालों से भाजपा की सरकार है। ऐसे में देश के हृदय स्थल में घुसपैठियों का पहुंचना क्या केंद्र की मोदी सरकार की नाकामी नही है।

### भाजपा बोली- राहुल गांधी आदतन झूठ बोलने वाले

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजयशंकर मिश्रा ने ट्रेड डील को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को झूठ का एक और शर्मनाक प्रदर्शन बताते हुए कहा है कि राहुल गांधी एक आदतन झूठ बोलने वाले व्यक्ति हैं। उन्हें न तो मां भारती की कोई चिंता है और न ही हमारे किसानों और युवाओं के कल्याण की। डॉ. मिश्रा ने भाजपा प्रवेश के ऑफर संबंधी भूपेश बघेल के बयान पर कहा, कांग्रेस की अब यही पहचान है कि गुरु और चेला झूठ बोलने में एक समान हैं।

### नए टैरिफ के लिए 17 से जनसुनवाई

रायपुर। बिजली के नए टैरिफ के लिए 17 फरवरी से जनसुनवाई होगी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 17 फरवरी को दुर्ग में (प्रातः 10:30 से 12:00 बजे तक), बिलासपुर में (दोपहर 12:00 से 01:30 बजे तक) और राजनांदगांव में (दोपहर 03:00 से 04:30 बजे तक) में जन-सुनवाई होगी। 18 फरवरी को अंबिकापुर में (प्रातः 10:30 से 12:00 बजे तक), जगदलपुर में (दोपहर 12:00 से 01:30 बजे तक) और रायगढ़ में (दोपहर 03:00 से 04:30 बजे तक) में जन-सुनवाई आयोजित की जाएगी।

# स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक में स्थायी समिति के गठन को मंजूरी

विधायक के विरोध के बाद भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाए जाने का प्रस्ताव खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की 16वीं बैठक शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास में आयोजित की गई। बैठक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षा में आयोजित की गई। बोर्ड की 15वीं बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा नवीन एजेंडों पर चर्चा के बाद प्रस्तावों को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के निर्णय के लिए प्रेषित करने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री श्री साय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वन्यजीव हमारी प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं और उनके संरक्षण–संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है।

उन्होंने वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सतत निगरानी, अवैध गतिविधियों पर रोक तथा उनकी सुरक्षा के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही वनों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने और युवाओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने न्यूनतम हस्तक्षेप के सिद्धांत को अपनाते हुए अत्यावश्यक कार्यों को ही वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास में बिना किसी छेड़छाड़ के पूर्ण करने पर बल दिया। उन्होंने सह-अस्तित्व के सिद्धांतों के अनुरूप सभी गतिविधियों के संचालन की बात कही।



### स्थायी समिति के गठन को मिली मंजूरी

बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति के गठन को मंजूरी दी गई। स्थायी समिति का गठन वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री की अध्यक्षता में किया जाएगा, जिसमें 11 अन्य सदस्य शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि वन्य प्राणियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में होने वाले कार्यों के प्रस्तावों पर राज्य वन्यजीव बोर्ड का अभिमत अनिवार्य होता है। बोर्ड की बैठकों के बीच अधिक अंतराल के कारण प्रस्तावों की स्वीकृति में विलंब की स्थिति बनती है। स्थायी समिति के गठन से वैधानिक मंजूरियों के त्वरित निपटान तथा वन्यजीव प्रबंधन से संबंधित मुद्दों के शीघ्र निराकरण में सहायता मिलेगी।

### यूएसटीआर में सीआरपीएफ कैंप

बैठक में उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व के बरबांधा जलाशय में बांध एवं नहरों के जीर्णोद्धार एवं नवीन कार्य, पीएम जनमन योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले के कवर्धा वनमंडल में पंडरीपानी मेन रोड से सौरु तक मार्ग मजबूतीकरण, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में ऑप्टिकल फाइबर बिछाने से संबंधित 6 प्रस्ताव, सेमरसोत अभ्यारण्य में ऑप्टिकल फाइबर बिछाने, उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में सीआरपीएफ कैंप की स्थापना तथा उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में ऑप्टिकल फाइबर बिछाने के प्रस्तावों का अनुमोदन कर उन्हें राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्वीकृति हेतु प्रेषित करने पर सहमति दी गई। बैठक में वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक धर्मजीत सिंह, मुख्य सचिवविकास शील, अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अरुण कुमार पाण्डेय सहित बोर्ड के अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने प्रस्ताव खारिज

स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक में भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा करना था। भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाए जाने का विधायक धर्मजीत सिंह ने विरोध करते हुए कहा कि भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाए जाने से स्थानीय ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। विधायक के विरोध को देखते हुए भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाए जाने के एजेंडा को खारिज कर दिया गया।

### वर्तमान में सात से आठ टाइगर रिजर्व

मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के अलग-अलग वन्यजीव के जानकारों से संपर्क करने पर उन लोगों ने बताया कि वर्तमान में भोरमदेव में सात से आठ टाइगर का मूवमेंट हो रहा है। उल्लेखनीय है कि भोरमदेव वर्ष 1972 से लेकर वर्ष 2000 तक कान्हा टाइगर रिजर्व का हिस्सा रहा है। अलग राज्य बनने के सात से आठ साल बाद भोरमदेव को अभयारण्य दर्जा मिला। भोरमदेव को टाइगर रिजर्व बनाने सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्व में केंद्रीय मंत्रालय को पत्र लिख चुके हैं।

## तालाब के आसपास हो रहा अतिक्रमण निगम के नेता प्रतिपक्ष से की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर। ग्रीन आर्मी संस्था के करीब 50 सदस्य नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी से मिलने नगर निगम मुख्यालय पहुंचे।जहां उन्होंने सर्वोदय नगर स्थित सर्वोदय तालाब, जो कि पचपेड़ी नाका रिंग रोड नंबर 2 के पास स्थित है, वहां एक पुराना तालाब है, जहां पर लगातार अवैध निर्माण किया जा रहा है, उक्त अवैध निर्माण की शिकायत की। नेता प्रतिपक्ष श्री तिवारी ने तत्काल जोन-10 के कमिश्नर विवेकानंद दुबे को फोन लगाकर वीडियो कॉल पर उनकी बात कराई और निर्देशित किया कि तत्काल हो रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जाए और ग्रीन आर्मी के सदस्यों को सूचित किया जाए। निगम के नेता प्रतिपक्ष श्री तिवारी के तत्काल निर्देश देने पर ग्रीन आर्मी के अध्यक्ष अमिताभ दुबे, रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा, शशिकांत यदु, अमितेश पाठक सहित सदस्यों ने आभार जताया।

### 56 एसएचजी, एनआरएलएम, डेयरी किसान गुजरात रवाना

रायपुर। बस्तर संभाग के महिला स्वसहायता समूह, आजीविका मिशन एवं डेयरी किसान प्रतिनिधि कुल 22 महिला व पुरुष प्रतिभागी तथा कवर्धा जिले के कुल 34 महिला व पुरुष प्रतिनिधि गुरुवार को बनासकांठा गुजरात के एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना हुए। नवा रायपुर तथा कवर्धा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप द्वारा इस अध्ययन यात्रा के लिए सभी चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देकर गुजरात के लिए रवाना किया गया। गुजरात में वे दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण व अमूल डेयरी का भ्रमण करेंगे। नेशनल डेयरी बोर्ड, बनासकांठा डेयरी तथा अमूल सहकारिता क्षेत्र की अमूल डेयरी प्रसंस्करण का भ्रमण कार्यक्रम 12 से 18 फरवरी तक है।



# नंदनवन पक्षी विहार को संवारने 15 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नंदनवन पक्षी विहार का संचालन जंगल सफारी प्रबंधन से रायपुर वनमंडल के सुपुर्द किए जाने के बाद रायपुर वनमंडल नंदनवन को संवारने नए सिरे से कार्योजना तैयार कर रहा है। रायपुर वनमंलाधिकारी लोकनाथ पटेल के अनुसार नंदनवन पक्षी विहार को संवारने 15 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। तत्काल में व्यवस्था सुधारने 33 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

- सैर करने आने वाले लोगों के लिए मिलेट्स के व्यंजन उपलब्ध कराने कैंटीन की व्यवस्था

रायपुर वन मंडलाधिकारी के अनुसार नंदनवन में लोगों को कई नई सुविधा मिलेगी। इसमें 50 फीट से लेकर 150 फीट तक की जिप लाइन और बोटिंग मुख्य है। जरूरत के अनुसार नए बोट्स भी मंगाए जाएंगे, जिसमें प्रकृति के बीच लोग बोटिंग का मजा ले सकें। नंदनवन में वर्तमान में सैकड़ों की संख्या में पक्षी हैं।

इसमें एमू, मटककली कबूतर, सिल्वर पिजन गोल्डन पिजन, ऑस्ट्रेलियन स्काई ब्लू पैरेट जैसे विदेशी पक्षी भी हैं। इन पक्षियों में मेल-फीमेल पक्षियों के अनुपात में अंतर आ गया है, जिसे एक समान किया जाएगा। अफसर के अनुसार भविष्य में बगैर शेड्यूल के नए पक्षी, पक्षी विहार में लाए जाएंगे। नंदनवन की सैर करने आने वाले बेहतर व्यू में पक्षी देख सके। इसके लिए केज के फ्रंट में ग्लास लगाया जाएगा। जिससे लोगों को बर्ड वॉच करने में सहूलियत हो।

### हाईजैनिक कैंटीन में मिलेगा लोकल के साथ अन्य प्रकार के व्यंजन

नंदनवन में स्थानीय ग्रमीणों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने परिसर में हाईजैनिक मिलेट्स कैफे चालू किया जाएगा। इससे लोग लोकल फूड का भी आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा कैफे में नॉर्थ इंडियन साउथ इंडियन जैसे फूड भी मिलेंगे। प्रबंधन का दावा है कि फूड का रेट भी सीमित रखा जाएगा, जिससे कम दाम में लोगों को स्वादिष्ट भोजन का लाभ मिल सके।

### चूहों का निराकरण करने जमीन के अंदर जाली

नंदनवन में चूहों का आतंक रोकने जिस क्षेत्र में पक्षी रहते हैं, उस क्षेत्र की जमीन को एक से डेढ़ फीट खुदवाकर जमीन के नीचे स्टील के जाली बिछाई जाएंगी। जमीन के नीचे स्टील की जाली लगने के बाद चूहे जाली को काटकर ऊपर नहीं आ सकेंगे। अफसर ने जाली लगाने का काम जल्द से जल्द चालू करने की बात कही है। इसके अलावा नंदनवन के गेट को तोड़कर नए सिरे से आकर्षक बनाया जाएगा, जिससे लोग नंदनवन की तरफ आकर्षित हों।

### मोर को खुले में छोड़ने की तैयारी

नंदनवन आने लोगों को प्रेरित करने बाड़े के अंदर रहने वाले मोर को नंदनवन परिसर में खुले में छोड़े जाने की योजना है। मोर के खुले में विचरण करने से बच्चों के साथ बड़े रोमाचिंत होंगे। इससे लोग नंदनवन आने प्रोरित होंगे। नंदनवन में लाइटिंग के साथ अन्य सुधार कार्य जल्द शुरू किए जाने की जानकारी रायपुर वनमंडलाधिकारी ने दी है।




सीजी पीएससी के प्रतिवेदन से हुआ खुलासा

# प्रमोशन के लिए डीपीसी की बैठक में देर इसलिए... क्योंकि समय पर नहीं लिखा जा रही है गोपनीय चरित्रावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की नौकरशाही में अक्सर ये बात सामने आती है कि विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक देर से होती है, इसकी वजह से प्रमोशन मिलने में विलंब होता है। डीपीसी में देर क्यों होती है, इसका खुलासा छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग (सीजी पीएससी) के 24वें वार्षिक प्रतिवेदन में किया गया है। अब राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सरकार के सभी विभागों को इस प्रतिवेदन में सामने आए तथ्यों का ब्योरा देते हुए कहा है कि सीजी पीएससी ने विभागों से जो अपेक्षा की है, उसके अनुरूप काम करें।

### ये है मामला

राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य सरकार के सभी विभागों के लिए इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। कहा गया है कि - छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने चौबीसवाँ वार्षिक प्रतिवेदन 2024-2025 में, विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक एवं गोपनीय चरित्रावलियों का समय पर न लिखे जाने के संबंध में होने वाली समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए, लिखा है कि विभागीय पदोन्नति के लिए प्रपत्र एवं चेकलिस्ट निर्धारित है, किन्तु अनेक विभागों द्वारा चेकलिस्ट के अनुसार प्रस्ताव आयोग को नहीं भेजे जाने से, बार-बार पत्राचार करना पड़ता है,



जिससे समिति की बैठक आयोजित करने में विलंब होता है। विभागों द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक से संबंधित आवश्यक अभिलेख, प्रमाण पत्र, वार्षिक गोपनीय चरित्रावलियों की उपलब्धता की जानकारी आदि आयोग को, प्रस्ताव के साथ ही भेजे जाने चाहिए। पदोन्नति समिति की बैठकों के आयोजन में में मुख्य बाधा वांछित गोपनीय प्रतिवेदनों की अनुपलब्धता, वरिष्ठता संबंधी विवादों या अभ्यावेदनों का निराकरण नहीं हो पाने से उत्पन्न होती है।

### सरकार पहले ही दे चुकी है कई बार निर्देश

खास बात ये है कि सीजी पीएससी की रिपोर्ट में जिस बात का उल्लेख किया गया है उसे लेकर राज्य सरकार ने कई बार विभागों को निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश वर्ष 2008 से लेकर 2020 के बीच 10 बार भेजे गए हैं। लेकिन इनका पालन नहीं किया गया। खुद सामान्य प्रशासन विभाग ने सीजी पीएससी द्वारा इस बारे में तथ्य सामने लाए जाने के संदर्भ में माना है कि सभी विभागों का ध्यान सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित ज्ञापनों की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसमें आयोग द्वारा प्रस्तुत टीकाओं, सुझावों टीका पर समुचित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय महाशिवरात्रि पर्व पर कलशयात्रा आज

**आरंग।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर 14 एवं 15 फरवरी 2026 को गायत्री गौशाला केंद्र बिरबीरा मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी के तहत 14 फरवरी को यज्ञ कार्यक्रम के लिए मंगल कलश यात्रा का आयोजन दोपहर में किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, कलश यात्रा के साथ विधिवत यज्ञ की शुरुआत होगी, जिसके पश्चात महाशिवरात्रि पर्व पर 15 फरवरी को प्रज्ञेश्वर महादेव जी का विशेष अभिषेक होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।


### महाशिवरात्रि पर शिवधाम टोला में आज से कार्यक्रम

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 12 पाली परिक्षेत्र परसदा टोला द्वारा ग्राम खट्टी के समीप खारुन नदी तट स्थित शिवधाम टोला घाट के श्री शिव मंदिर में 14 से 16 फरवरी तक त्रिदिवसीय महाशिवरात्रि पर्व, सामाजिक सम्मेलन एवं लक्ष्मण झूला लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। परिक्षेत्र अध्यक्ष मनोहर निषाद ने बताया कि 14 फरवरी को सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरुराम निषाद,15 फरवरी (महाशिवरात्रि) को विशेष पूजा-अर्चना एवं भव्य मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,16 फरवरी को जनप्रतिनिधि सम्मेलन एवं समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा शामिल होंगे।

## निधन

### पन्नालाल सोनकर


**आरंग।** कुसमुंद निवासी पन्नलाल सोनकर 56 वर्ष का शुक्रवार को



हृदयघात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मनीषा सोनकर के पति, कौशलेश, रितेश (सोनू) के पिता, चम्मन ,पोखन सोनकर के बड़े भैया थे।

### दिलीप निहिचलानी

**तिल्दा नेवरा।** सिंधी समाज के युवा प्रतिष्ठित व्यवसायी दिलीप निहिचलानी 57 साल का निधन हो



गया। इस खबर से शहर में शहर में शोक की लहर दौड़ गई। वे राजकुमार, प्रकाश, अविनाश, हीरानंद के भाई व यश और गोल्डी के पिता तथा संतोष सुशील, योगेश, हिमांशु निहचलानी के चाचा थे। जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार शाम 4 बजे सिंधी सार्वजनिक शमशान घाट में किया गया ।

**सियासत :** मनरेगा में संशोधन से गरीब और मजदूरों के हक पर कटौती

# कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत मोटर सायकिल रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

ग्राम तामासिवनी मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग. द्वारा संचालित मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा ग्रामीण के तत्वाधान मे पूर्व के कांग्रेस सरकार द्वारा देश एवं प्रदेश के गरीब मजदूरो के लिए रोजगार हेतु महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी लागू किया गया था उसमे केंद्र के मोदी सरकार द्वारा राजनीति द्वेष वश षडयंत्र पूर्वक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी का हटाने एवं प्रदेश के अन्नदाता किसान भाईयो के एक एक दाना धान खरीदने का दंभ भरने वाले भाजपा सरकार द्वारा अनेक प्रक्रिया लागू करने से धान बेचने से वंचित होने के विरोध मे ग्राम टीला मे स्थित महात्मा गाँधी जी की मूर्ति का श्रद्धा सुमन पूजा अर्चना एवं माल्यापन कर रघुपति राघव राजाराम भजन एवं देशभक्ति धुन के साथ बाईक रैली का शुभारंभ कर ग्राम कुम्हारी गौरभाठ बनचरौदा छटेरा भलेरा से होते हुए



ग्राम तामासिवनी के बाजार चौक मे सभा एवं पदाधिकारियों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार को उद्बोधन के माध्यम से कोसते हुए समापन किया गया। उक्त बाईक रैली सैकड़ो के संख्या मे गुजरते हुए गाँव अंदर प्रवेश करने पर ग्राम के पदाधिकारी एवं ग्राम वासियो द्वारा स्वागत कर रोजगार गारंटी से होने वाले पक्रियाओ से होने वाले परेशानिया एवं धान बेचने के लिए वंचित किसानो ने सुझाव के साथ मंच साझा किया एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी नाम हटाकर अपमानित करने एवं चुनाव के पूर्व किसानो का एक एक दाना धान खरीदने का दंभ भरने वाले प्रदेश के भाजपा को कोसते हुए धान का कटोरा कहलाने वाले छत्तीसगढ़ प्रदेश के दुर्भाग्य साबित हो रहा है। प्रदेश एवं क्षेत्र के आम जनताओ ने मनरेगा के तहत अवश्यकताओ के अनुरूप गरीब मजदूरों को रोजगार उपलब्ध नही कराने किसानो खाद बीज एवं खरीदी मे परेशानिया महंगाई बिजली बिल मे वृद्धि जैसे विषयो को लेकर अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है। उक्त कार्यक्रम मे यशवंत साहू (सदस्य जिला पंचायत रायपुर), श्रवण चंद्राकर (पूर्व सदस्य कृषक कल्याण), डामन साहू (उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर), कृष्णा चक्रधारी (पूर्व सदस्य माटी कला बोर्ड), गिरधारी साहू (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी), भागवत साहू (मंडल अध्यक्ष), संजीव गिरी (जनपद सदस्य), मोहन चंद्राकर, मोहन देवांगन, चंद्रहास साहू, तेजराम साहू, रामकृष्ण यादव (पूर्व सरपंच), राजेश खूंटे (सरपंच), चंद्रकुमार साहू (उपसरपंच), प्रकाश महेश्वरी (पूर्व सरपंच), मोहित ध्रुव, डॉ वेदप्रकाश राजू साहू, हिमांचल पाल, बिसाहू तारक, अशोक साहू आदि उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव का मंदिर हसौद में स्वागत



**मंदिर हसौद/आरंग।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी के साथ मंदिर हसौद आगमन पर आरंग विधानसभा व मंदिर हसौद मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया और आत्मीय मुलाकात कर सार्थक संवाद किया। तथा प्रदेश अध्यक्ष जी का आरंग विधानसभा आगमन पर स्वागत कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री , धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ,रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम नारंग भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ,भाजपा पदाधिकारी, सुरेंद्र पाटनी जिला प्रभारी , युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंटू साहू, जागृति बंजारे , संदीप जोशी छाया अध्यक्ष मंदिर हसौद,अमन यादव , रोहित कुमार सिंग जी ,मण्डल अध्यक्ष गोपाल वर्मा जी , जिला महामंत्री ज्ञानप्रकाश चंद्राकर जी ,श्री लुकेश साहू जी,मण्डल महामंत्री रामजी वर्मा जी ,युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष महेश यदु जी ,महामंत्री रामकुमार बैस जी ,विनोद साहू जी उपाध्यक्ष आयुष्मान शर्मा जी ,सिद्धार्थ पाटकर जी, मिथलेश पटेल जी, मंत्री नागेश्वर यादव जी ,जगमोहन यादव जी , प्रकाश साहु, प्रफुल साहू,जित्तू निर्मालकर जी,कोमल साहू ,बसंत साहू जी,जनप्रतिनिधिगण,अशोक वर्मा जी, लक्ष्मी नारायण ठाकुर,बल्ला यादव जी , सुरेश यादव ,पुनीत राम यादव जी ,राघवेन्द्र दास, देव वर्मा, बलवंत यादव ,शेखर साहु,ऐश्वर्य वर्मा, असवन यादव , करण डहरिया,विजेंद्र चंदेल कार्यकर्ता साथी एवं गणमान्यजन प्रमुख रुप से बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# नेवरा का आत्मानंद विद्यालय मूल उद्देश्य से भटका : कांग्रेस



**तिल्दा नेवरा।** शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नेवरा के आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया।आत्मानंद स्कूलों में कमियों को लेकर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस सोच के साथ काग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा स्कूल खोले गए थे ,उसका सही लाभ यहाँ पढने वाले बच्चो को नही मिल पा रहा है । स्कूलों में व्याप्त अव्यवस्था शिक्षकों की कमी का असर बच्चों के भविष्य पर पडरहा है ।

दरअसल जिला कांग्रेस कमेटी ने शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी को आत्मानंद स्कूलों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है । इसी कड़ी में शुक्रवार को कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष बलदाऊ साहू के नेतृत्व कार्यकर्ताओं ने नेवरा स्थित आत्मानंद स्कूल पहुंच कर निरीक्षण किया। तिल्दा ब्लॉक में कुल दो आत्मानंद स्कूल जिसका नाम बदलकर पीएम श्री कर दिया गया है चल रहे है 1 इसमें एक स्कूल तिल्दा नेवरा शहर और दूसरा खरोरा में संचालित है। इन स्कूलों में क्लास 1 से लेकर 12 वीं तक की कक्षाएं संचालित होती है।

यहां के प्रिंसिपल राजेंद्र बंजारे का कहना है कि स्कूल में किसी प्रकार की कोई अव्यवस्था नहीं है सब पर्याप्त है 1 लेकिन निरीक्षण गए कांग्रेसियों का आरोप है कि स्कूल मैं पहले से पांचवी तक पढ़ने वाले बच्चों के लिए मात्र दो शिक्षक पदस्थ हैं, यानी की 5 क्लासों के बच्चों को दो शिक्षक ही पढ़ा रहे हैं। ऐसे में बच्चों का भविष्य कितना उज्जवल होगा बताने की जरूरत नहीं है। अजितेश शर्मा का कहना है की 4 साल पहले जब स्कूल खोले गए थे तब बच्चों को स्कूली ड्रेस का वितरण किया गया था 1

## ग्राम खैरखूंट में हुआ कबीर सत्संग समारोह



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूंट में त्रि दिवसीय संगीतमय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह सम्पन्न हुआ। अंतिम दिवस महंत रामनाथ साहेब भिलौरी वाले ने अपने सत्संग के माध्यम से लोगों को कबीर के वाणी वचनों पर चलते हुए अपने कर्मों को सतमार्ग पर लगाते हुए संसार के सभी जीवों पर दया का भाव रखना चाहिए, तभी हमारा मानव होना सार्थक होगा। तत्पश्चात महंत रामनाथ साहेब के कर कमलों से सात्विक चौका आरती सम्पन्न हुआ। साहेब के वाणी वचनों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेते हुए लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, तत्पश्चात सद्गुरु भंडारा में महाप्रसादी वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम सद्गुरु कबीर सत्संग समिति, आमीन माता महिला मंडल एवं अनुराग नव युवक मित्र मंडल के द्वारा आयोजित किया गया था।

## केंद्रीय बजट युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला है : अनुज

**सिलयारी।** महासमुंद में आयोजित बजट युवा संवाद कार्यक्रम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के मुख्यआतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने शिरकत की। संवाद के दौरान महासमुंद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए छात्र-छात्राओं और युवा उद्यमियों ने अतिथियों से सीधे सवाल किए। युवाओं ने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्टार्टअप सब्सिडी और स्थानीय उद्योगों में रोजगार जैसे विषयों पर अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका अतिथियों ने सहजता से समाधान किया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा नें कहा कि मेरे युवा साथियों, आज जब मैं आप सभी के चेहरों को देखता हूँ, तो मुझे केवल चेहरे नहीं, बल्कि आने वाले कल का चमकता हुआ भारत और समृद्ध छत्तीसगढ़ दिखाई देता है। यह बजट केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला है।आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक स्वतंत्रता नहीं है, बल्कि यह अपने सामर्थ्य को पहचानने का नाम है। जब हम 'आत्मनिर्भर' होने की बात करते हैं, तो सबसे पहले हमें अपनी जड़ों, अपनी भाषा और अपनी संस्कृति पर गर्व करना सीखना होगा। जो युवा अपनी मिट्टी का सम्मान नहीं कर सकता, वह कभी स्वावलंबी नहीं हो सकता।आज का युग केवल डिग्रियों का नहीं, बल्कि 'हुनर' का है। सरकार योजनाएं बना सकती है, अवसर दे सकती है, लेकिन उस अवसर को भुनाने की जिम्मेदारी आपकी है। हमें 'नौकरी मांगने वाले' के बजाय 'नौकरी देने वाला' बनने का सपना देखना चाहिए।

# पीएमश्री सेजेस में पूर्व छात्र छात्राओं को हुआ सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

पीएमश्री सेजेस अभनपुर में 1974 से लेकर विभिन्न वर्षों के पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह स्मृति संगम - पुरानी बेंच, नई बातें का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने छात्र जीवन की यादें ताजा कीं। मुख्य अतिथि इंद्र कुमार साहू ने विद्यालय से मिले संस्कारों को जीवनभर की पूंजी बताया। संस्था प्रमुख डॉ. तारा त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्था की अमूल्य धरोहर होते हैं। आयोजन के अंतर्गत स्मृति-साझा सत्र, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रतिभा सम्मान एवं गुरुजनों का सम्मान किया गया। पूर्व छात्राओं में मीरा तिवारी (वर्तमान में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण में सेवारत), भैरवी वैष्णव (असिस्टेंट प्रोफेसर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई) तथा अन्य सफल पूर्व छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए।



इस अवसर पर पीएमश्री से इंडियन नेवी के लिए चयनित आर्यन एवं विवेक साहू का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी,किशन शर्मा,बीईओ धनेश्वरी साहू, एसएमडीसी गोयल भट्ट,पार्षद चंपा लेदेकर, मीना धनेश्वर साहू, रूपनारायण साहू, डोमेन्द्र साहू,राजेश साहू, राकेश साहू, पार्थ वैष्णव, पतिराम तारक, मनीषा गायकवाड़, रामुलाल तारक, सीएस तारक, भोला राम साहू तथा नगर पालिका एवं शिक्षा विभाग के अनेक जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और पूर्व छात्रों की उपस्थिति रही।

# नारा राशन दुकान में 250 कार्डधारियों के लगवाए अंगूठे पर अनाज नहीं दिया

**आरंग।** आरंग ब्लॉक के ग्राम पंचायत नारा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण में बड़ी अनियमितता सामने आई है। ई-पॉस मशीन में राशन वितरण दर्ज होने के बावजूद सैकड़ों हितग्राहियों को अनाज नहीं मिलने की शिकायतों के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की।जानकारी के अनुसार करीब 250 राशन कार्डधारियों के बायोमेट्रिक अंगूठे ई-पॉस मशीन में दर्ज कर लिए गए, जिससे सरकारी रिकॉर्ड में वितरण दर्शाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि अंगूठा लगवाने के बाद भी उन्हें चावल, शक्कर सहित अन्य सामग्री नहीं दी गई। कई हितग्राहियों को स्टॉक खत्म होने या बाद में आने की बात कहकर लौटा दिया गया। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद मामला तूल पकड़ता गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम के निर्देश पर फूड इंस्पेक्टर पुष्पा चौधरी ने दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें रजिस्टर में दर्ज राशन और मौके पर उपलब्ध सामग्री में भारी अंतर पाया गया।

पेज 11 के शेष...

### सादी वर्दी में ...

तथा मध्य क्षेत्र सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। ज्यादातर पार्क, मॉल, क्लब तथा होटल इसी क्षेत्र में आते हैं।

### आज और कल .....

- 68712 गोंदिया – डोंगरगढ़ मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68742 गोंदिया – दुर्ग मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68743 गोंदिया - नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68713 गोंदिया - नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।

### समय पर नहीं भेजे ....

होने पर वे आगे की योजनाएं बेहतर तरीके से बना पाएंगे।

सीबीएसई ने छग सहित देशभर के स्कूलों को सूचित करते हुए कहा है कि कक्षा 10 और 12 के प्रैक्टिकल और इंटरनल असेसमेंट के नंबर भरने के लिए 14 फरवरी तक का समय है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने साफ निर्देश दिया है कि इस तारीख के बाद किसी भी हाल में समय नहीं बढ़ाया जाएगा। स्कूलों को सुनिश्चित करना होगा कि वे छात्रों के नंबर बोर्ड के पोर्टल पर बिल्कुल सही-सही भरें जाएं।

**अनुपस्थित छात्रों के लिए पृथक व्यवस्था**

सीबीएसई ने उन छात्रों के लिए भी नियम बताए हैं जो प्रैक्टिकल वाले दिन स्कूल नहीं पहुंच पाते। ऐसे छात्रों के लिए स्कूलों को पोर्टल पर 'अनुपस्थित' लिखना होगा। अगर कोई छात्र बाद में किसी खास वजह से परीक्षा देता है तो उसके नंबर बोर्ड के बताए गए तरीके से ही अपडेट किए जाएंगे। सीबीएसई बोर्ड ने स्कूलों को पहले ही सलाह दी थी कि वे आखिरी दिन का इंतजार न करते हुए पहले ही अंक अपलोड कर दें।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार संतोष कुमार नगारची पिता- स्व. द्वारिका प्रसाद नगारची, निवासी- तेलीबांधा, यातायात थाना के पास, रायपुर (छ.ग.) ने एक खुली परिवर्तित भूमि वाके मौजा बोरियाखुर्द रा.नि.मं. रायपुर-14, प.ह.नं. 71, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. जिसका खसरा नंबर 424/50 रकबा 1351 वर्गफुट को दीपक धर्मानी पिता- श्री खुशीराम धर्मानी, निसासी- कृष्णाधाम, हनुमान नगर, कालीबाडी, रायपुर छ.ग. से खरीदने का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दी गई है।

उपरोक्त खरीदी-बिक्री के संबंध में जिस किसी संस्था, नगर निगम, नगर पालिक, पंचायत, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था, व्यक्ति आदि को किसी भी प्रकार से हक, दावा, उजर या आपत्ति हो तो, इस प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय असल दस्तावेज के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, बाद म्याद अवधि के कोई भी प्रकार का दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 12.02.2026 भवदीय
**शैलेन्द्र सिंह ठाकुर (अधिवक्ता)**
**शांति चौक, पुरानी बस्ती, लाखे नगर रोड, रायपुर (छ.ग.)**

**:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::**
**(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता) न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**
उत्तराधिकार प्र.क्र.-53/2026 प्रो.क्र.111/26
पेशी तारीख 27.03.2026
उषा चन्द्रवंशी --------------------आवेदकगण
**बनाम**
आशीष चन्द्रवंशी व अन्य ------------अनावेदकगण
प्रति,

आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण

जो कि आवेदकगण के मृतक पति/पिता स्व० एस.एस. चन्द्रवंशी (सुदर्शन चंद्रवंशी), के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 27.03.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा।

**नोटः-** यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा।

यह आज तारीख 10.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 10.02.2026
मुहर
**कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा**
**षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
संदर्भः-जिला- **रायपुर** तहसील- **रायपुर** प.ह.न.- **00070 टिकरापारा** ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण **क्रमांक- RD202526440725600166**

**// ईश्तहार //**

तहसील **रायपुर** के प.ह.न. **00070** के अंतर्गत ग्राम **टिकरापारा** के वर्तमान भूमिस्वामी **ना.बा.उमेशकुमार पिता/पति- पिता झुमुकराम सिन्हा वली मां मीराबाई जौ झुमुकलाल पता- नि. आर. डी. ए. कालोनी** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक **123/48(0.0110)** में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **उमेश कुमार सिन्हा पिता/पति झुमुकराम सिन्हा पता - आर.डी.ए. कॉलोनी टिकरापारा रायपुर छत्तीसगढ़** के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान **न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर** पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार :**
**Jyoti Singh**
**रायपुर**

੧ੴ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸੱਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹੇ ੧ੴ



अंतिम अरदास

स्व. सुरजीत कौर अहलूवालिया जी (बबली)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि सरदारनी सुरजीत कौर अहलूवालिया जी का आकस्मिक निधन दिनांक 8 फरवरी को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए अखंड पाठ साहिब की समाप्ति दिनांक 14 फरवरी, शनिवार को होगी।

कार्यक्रम
12:00 बजे से 1:00 बजे तक कीर्तन एवं अंतिम अरदास
उपरंत गुरु का लंगर, गुरुद्वारा देवेन्द्र नगर रायपुर

शोकाकुल :
स्व.स. जसवंत सिंह गुरदत्ता सिर्री वाले (पिता)
स्व.स. गुरमीत सिंह अहलूवालिया (पति)
स. सोहेन्द्र सिंह, स. जसबीर सिंह (भाई)
स. परमजीत सिंह, स.अमरजीत सिंह (भाई)
असीम अहलूवालिया (पुत्र)
राशी-कबीर ओबेरॉय (पुत्री-दामाद)
मो.: +91 70214 24882

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL

Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# खदानों की ड्रोन कैमरों से दिन-रात निगरानी, अवैध उत्खनन पर होगा क्विक एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लगातार खनिज सामग्री की खदानों में हो रहे अवैध उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए राज्य सरकार ड्रोन कैमरों के माध्यम से खदानों की निगरानी करने की योजना बनाई है। इसके लिए एजेंसी तय करने के लिए छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम (सीएमडीसी) ने टेंडर भी निकाल दिया है। इस टेंडर में एजेंसी के साथ 5 इम्पैनल भी जुड़े रहेंगे, जो दिन-रात किसी भी समय सूचना या शिकायत मिलने पर रेत, मुरुम, गिट्टी सहित अन्य खदान बगैर समय गवाए पहुंचेगी तथा उस खदान की ड्रोन कैमरों के जरिए लाइव स्ट्रीमिंग कर सीधे इसकी तस्वीरें कंट्रोल रूम में दिखेगी। इन तस्वीरों के आधार पर संबंधित खदान में अवैध उत्खनन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए तत्काल टीम भेजी जाएगी।

**टेंडर में 14 एजेंसियां हुई शामिल :** सीएमडीसी सूत्रों से जानकारी मिली है कि एजेंसी तय करने के लिए करीब 11 दिन पहले टेंडर निकाला गया था। इस टेंडर के तहत अब तक 14 एजेंसियों ने आवेदन किए हैं। बताया जा रहा है कि यह सारी एजेंसियां डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) अंतर्गत संचालित हैं। टेंडर के लिए आवेदन भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से मंगाए गए हैं।

### लाइव स्ट्रीमिंग के जरिए खदानों में अवैध उत्खनन की तस्वीरें सीधे कंट्रोल रूम में दिखेंगी

#### 2 मार्च को फाइनल ऑक्शन

टेंडर में भाग लेने वाली कंपनियों के आवेदनों की जांच के बाद 18 फरवरी को फाइनल किया जाएगा कि इस ऑक्शन में कौन-कौन से कंपनियां शामिल होंगी। इसके बाद 2 मार्च को फाइनल ऑक्शन होगा, जिसमें न्यूनतम बोली लगाने वाली कंपनी से अनुबंध किया जाएगा। ऑक्शन की पूरी प्रक्रिया भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से ही होगी।



#### एजेंसी के साथ 5 इम्पैनल भी होंगे

एजेंसी के साथ 5 इम्पैनल भी जुड़े रहेंगे। सूत्र के अनुसार इन इम्पैनल को रखने के पीछे की मुख्य वजह किसी भी स्थिति में खदानों पर ड्रोन कैमरों से रखी जाने वाली निगरानी में किसी भी प्रकार की बाधा न पड़े। एजेंसी के साथ इम्पैनल जुड़े रहेंगे, तो वे भी समय-समय पर एजेंसी का सहयोग कर पाएंगे।

#### अवैध खनन से जुड़े लोगों का बचना मुश्किल

इस नई योजना से खदानों में हो रहा अवैध उत्खनन पर जहां अंकुश लगेगा, वहीं खनिज माफिया भी इससे बच नहीं पाएंगे। ड्रोन कैमरों से खदान में अवैध उत्खनन में शामिल वाहन एवं मशीनों को आसानी से जब्ती बनाया जा सकेगा, वहीं इस कार्रवाई से खदान में मौजूद लोगों को भी पकड़ा जा सकेगा। उनकी गिरफ्तारी से अवैध खनन कराने वालों के नाम भी सामने आएंगे, जिससे उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जा सकेगी।

## खबर संक्षेप

### पं. श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज



**रायपुर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता पं. श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर 14 फरवरी शनिवार को प्रातः 10 बजे स्मृति स्थल श्यामघाट, महादेवघाट रायपुरा में श्रद्धासुमन अर्पित करने बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं शुक्ल समर्थक शामिल होंगे। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### मुनिश्री का नगर में मंगल प्रवेश, फाफाडीह में बहेगी धर्म की गंगा



**रायपुर।** सन्मति नगर दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर में पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज के शिष्य मुनिश्री सुयश सागर एवं मुनिश्री कौशल्य सागर का मंगल प्रवेश हुआ। खण्डेलवाल दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया कि पूज्य मुनि संघ पद विहार करते हुए बलौदाबाजार, भाटापारा, नेवरा, सिमगा, सांकरा होते हुए प्रातः ग्राम गिरोद स्थित जिनेंद्र कुमार, जयेश कुमार पाटनी के परिसर अहारचर्या के पश्चात विहार कर साय 5.30 बजे मुनि संघ का प्रवेश फाफाडीह जैन मंदिर में सकल दिगंबर जैन समाज की उपस्थिति में हुआ। मुनिश्री ने अपने उद्बोधन में कहा, जब जो मिलना है, वह निश्चित है। आप सभी के पुरुषार्थ चलते संपूर्ण रायपुर के समाज को धर्मलाभ मिलने जा रहा है।

# नो जोन फ्लैक्स में कहीं पालन-कहीं अभी भी लगे हुए अवैध बैनर-पोस्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के 6 प्रमुख मार्गों को नगर निगम प्रशासन ने नो फ्लैक्स जोन घोषित किया है। इस नियम के लागू होने के दूसरे दिन ही नगर निगम के अमला ने इन सभी मार्गों पर अवैध बैनर-पोस्टर को हटाने की कार्रवाई भी की है, लेकिन इसके बाद भी अभी भी कहीं-कहीं इन मार्गों पर अवैध रूप से बैनर-पोस्टर लगाए जा रहे हैं।

इनमें ज्यादातर राजनीतिक और धार्मिक बैनर-पोस्टर हैं। इन बैनर-पोस्टरों को न ही हटाने की कार्रवाई की जा रही है और न ही इन्हें लगाने एवं लगवाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। इस तरह प्रतिबंधित जोन मार्गों पर कुछ राजनीतिक और धार्मिक से जुड़े लोग ही नियमों का उल्लंघन कर अवैध बैनर-पोस्टर लगा रहे हैं।



**केस 1**

*महिला थाना चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक मार्ग नो फ्लैक्स जोन घोषित है। इसके बाद भी इस मार्ग पर निगम मुख्यालय के सामने से लेकर लाखे काम्पलेक्स, बूढ़ातालाब के पास कई जगह पर सरकारी संपत्तियों पर बैनर-पोस्टर लगे हुए हैं।*

**केस 2**

*कटोरा तालाब मार्ग, सिविल लाईन मार्ग पर भी कुछ जगहों पर बिना अनुमति के बैनर-पोस्टर विद्युत खंभे एवं डिवाइडर में लगे हुए हैं।*

#### इन मार्गों पर लगा है प्रतिबंध

जीई रोड टाटीबंध चौक से जयस्तभ चौक होते हुए तेलीबांधा थाना मुख्य मार्ग, पचपेड़ीनाका चौक से लालपुर ओव्हर ब्रिज तक, भगत सिंह चौक से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए केनाल रोड सिग्नल तक एवं मुख्यमंत्री निवास सिविल लाइन के आसपास, एनआईटी रायपुर से गोल चौक होते हुए रायपुरा चौक तक, जयस्तम्भ चौक से कोतवाली चौक होते हुए बिजली ऑफिस चौक तक तथा महिला थाना चौक से बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक मार्ग शामिल है। इन सभी मार्ग को नो फ्लैक्स जोन घोषित किया है।

#### सूचना बोर्ड लगाने के बाद भी बाज नहीं आ रहे लोग

नगर निगम ने प्रतिबंधित जोन मार्गों पर जगह-जगह सूचना बोर्ड लगाया गया है। इस बोर्ड में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है कि इस मार्ग पर कहीं भी बैनर-पोस्टर एवं अन्य विज्ञापन बोर्ड लगाना प्रतिबंधित है। अगर किसी को विज्ञापन बोर्ड लगवाना भी है तो इसके लिए नगर निगम से अनिवार्य रूप से अनुमति लेनी होगी। इसके बाद भी प्रतिबंधित मार्ग पर कई लोग बिना अनुमति के बैनर-पोस्टर लगा रहे हैं।

## बिजनेस साइट

### रायपुर में एनटीपीसी लिमिटेड का 'आईपीएस-2026' सम्मेलन शुरू



**रायपुर।** देश की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड का प्रमुख आयोजन 'इंडियन पावर स्टेशंस ओ एंड एम कॉन्फ्रेंस (आईपीएस 2026)' का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। तीन दिवसीय सम्मेलन 'ऑप्टिमाइजिंग थर्मल जेनरेशन विद क्वालिटी एंड रिलायबिलिटी' विषय पर केंद्रित है। यह आयोजन एनटीपीसी सिंगरौली की पहली इकाई के सिंक्रोनाइजेशन की स्मृति में हो रहा है। कार्यक्रम में भारत सरकार के विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने कहा कि देश को मजबूत विनिर्माण अर्थव्यवस्था बनाने के लिए सस्ती और विश्वसनीय बिजली जरूरी है। उन्होंने थर्मल ऊर्जा की प्रासंगिकता के साथ नवीकरणीय, ऊर्जा भंडारण और परमाणु क्षेत्र में निवेश पर बल दिया। एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने बताया कि 1982 में सिंगरौली से शुरू हुई यात्रा आज भी 100% पीएलएफ के साथ जारी है। सम्मेलन में एनटीपीसी विंध्याचल को 'स्वर्ण शक्ति अवॉर्ड 2024-25' और 'बिजनेस एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025-26' का ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। टेक्नो गैलेक्सी प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम



**रायपुर।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देशभर में मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कृषि एवं सामाजिक बैंकिंग विभाग के तत्वावधान में सेन्ट्रल पार्क में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को बैंक की विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप ऋण उपलब्ध कराकर कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में लगभग 250 कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित किसानों को फसल ऋण, कृषि यंत्र ऋण एवं अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, किसानों की समस्याओं और सुझावों का फीडबैक लेकर प्रक्रियाओं में सुधार का आश्वासन भी दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुंबई मुख्यालय से पधारे महाप्रबंधक एस. एस. मूर्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। रायपुर अंचल प्रमुख राकेश भूतड़ा के नेतृत्व एवं क्षेत्रीय प्रमुख राजकिशोर केरकेट्टा के समन्वय में आयोजित इस कार्यक्रम में 380 कृषकों को लगभग 130 करोड़ रुपये के कृषि ऋण स्वीकृत किए गए।

# ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति रिंगरोड चौड़ीकरण को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आधिकारिक तौर पर राजधानी रायपुर के रिंग रोड नंबर 1 (एनएच 53) के किनारे सर्विस रोड के चौड़ीकरण को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय, जो स्थानीय आबादी की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है, रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों के बाद लिया गया है।

■ सांसद बृजमोहन अग्रवाल की पहल पर मिली मंजूरी

वर्षों से, रिंग रोड नंबर 1 शहर की मुख्य जीवन रेखा रही है। हालांकि, जैसे-जैसे रायपुर एक प्रमुख शहरी केंद्र में बदला, जो कभी बाईपास हुआ करता था, वह अब घनी आवासीय कॉलोनियों और वाणिज्यिक बाजारों से घिर गया है। मौजूदा 5 मीटर चौड़ी सर्विस रोड अब बढ़ते यातायात के दबाव को संभालने के लिए पर्याप्त नहीं है। दैनिक यात्रियों को अक्सर भीषण जाम का सामना करना पड़ता था, जहां स्थानीय यातायात खतरनाक रूप से भारी राजमार्ग वाहनों के साथ मिल जाता था।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखे अपने पत्रों में, अग्रवाल ने इस बात पर जोर दिया था कि शहर की भीड़भाड़ कम करने के लिए सड़कों को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करना अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने तर्क दिया कि एनएच 53 को राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स के लिए एक सुगम कॉरिडोर बनाए रखने के लिए स्थानीय यातायात को प्रभावी ढंग से डायवर्ट किया जाना चाहिए। श्री अग्रवाल ने रायपुर की यातायात समस्याओं की गंभीरता को समझने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सिंधी काउंसिल युवा विंग का रक्तदान शिविर 22 को



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई युवा विंग 22 फरवरी रविवार को एनएच एमएमआई हॉस्पिटल में निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रहा है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ एवं युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष जीतू लोहाना ने बताया कि युवा वर्ग के लिए रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। प्रथम बैठक में निर्णय लिया गया। बैठक में शदाणी दरबार के सचिव उदय शदाणी, प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, चेयरमैन संजय रहेजा, कोषाध्यक्ष विक्की लोहाना, महामंत्री सुनील कुकरेजा, युवा विंग अध्यक्ष जीतू लोहाना, धनेश मटलानी, मनीष तलरेजा, विजय तनवानी, रोशन ओछवानी, विनय वाधवा, विशाल पार्चवानी, मनोज उत्तमचंदानी, अनुराग वाधवानी, पवन लोहाना, रवि विजवानी, किशन खेतपाल, रवि पोपटानी, भावेश मतलानी, अमित हरवानी, आकाश मेघानी, मोहित चंचलानी आदि उपस्थित रहे।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 'युवा संवाद-युवा शक्ति बजट' कार्यक्रम संपन्न

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी, रायपुर में केंद्रीय बजट 2026-27 के संदर्भ में 'युवा संवाद – युवा शक्ति बजट' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, युवाओं एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि बजट में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, स्टार्टअप प्रोत्साहन और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट युवाओं को आत्मनिर्भर एवं प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। प्रतिकुलाधिपति प्रो. एस. भट्टाचार्य और कुलपति प्रो. सौरभ चतुर्वेदी ने इसे उच्च शिक्षा, नवाचार और उद्योग-शिक्षा समन्वय के लिए लाभकारी बताया।



कुलसचिव डॉ. कमल कुमार प्रधान ने प्रशासनिक पारदर्शिता और डिजिटल सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से सार्थक संवाद किया।

## महाशिवरात्रि पर मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

**रायपुर।** ठाकुरदेव बोहरही धाम ग्राम पथरी में कोल्हान नाला के तट पर महाशिवरात्रि के अवसर पर 14, 15 एवं 16 फरवरी को विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का यह 68वां वर्ष है। इस दौरान श्री ठाकुरदेव बोहरही देव का दर्शन करने बड़ी संख्या में आसपास के ग्रामीण इलाकों एवं शहरी क्षेत्र से लोग पहुंचेंगे। वहीं 14 फरवरी को रात्रि में मेला स्थल पर चिन्हारी लोक मंजीरा (पायल साहू) का कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान कार्यक्रम के संरक्षक धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, अध्यक्ष श्रीकांत बघेल, उपाध्यक्ष प्यारेलाल वर्मा, सचिव तारण सिंह वर्मा, सरपंच कल्याणी आडिल समेत ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

## पेज 11 के शेष

### सादी वर्दी में ...

तथा मध्य क्षेत्र सबसे ज्यादा संवेदनशील हैं। ज्यादातर पार्क, मॉल, क्लब तथा होटल इसी क्षेत्र में आते हैं।

### आज और कल .....

- 68712 गोंदिया – डोंगरगढ़ मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68742 गोंदिया – दुर्ग मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68743 गोंदिया - नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।
- 68713 गोंदिया - नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू 14 फरवरी एवं 13, 14 मार्च को रद्द रहेगी।

### समय पर नहीं भेजे ....

होने पर वे आगे की योजनाएं बेहतर तरीके से बना पाएंगे।

सीबीएसई ने छग सहित देशभर के स्कूलों को सूचित करते हुए कहा है कि कक्षा 10 और 12 के प्रैक्टिकल और इंटरनल असेसमेंट के नंबर भरने के लिए 14 फरवरी तक का समय है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने साफ निर्देश दिया है कि इस तारीख के बाद किसी भी हाल में समय नहीं बढ़ाया जाएगा। स्कूलों को सुनिश्चित करना होगा कि वे छात्रों के नंबर बोर्ड के पोर्टल पर बिल्कुल सही-सही भरें जाएं।

**अनुपस्थित छात्रों के लिए पृथक व्यवस्था**

सीबीएसई ने उन छात्रों के लिए भी नियम बताए हैं जो प्रैक्टिकल वाले दिन स्कूल नहीं पहुंच पाते। ऐसे छात्रों के लिए स्कूलों को पोर्टल पर 'अनुपस्थित' लिखना होगा। अगर कोई छात्र बाद में किसी खास वजह से परीक्षा देता है तो उसके नंबर बोर्ड के बताए गए तरीके से ही अपडेट किए जाएंगे। सीबीएसई बोर्ड ने स्कूलों को पहले ही सलाह दी थी कि वे आखिरी दिन का इंतजार न करते हुए पहले ही अंक अपलोड कर दें।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार संतोष कुमार नगारची पिता- स्व. द्वारिका प्रसाद नगारची, निवासी- तेलीबांधा, यातायात थाना के पास, रायपुर (छ.ग.) ने एक खुली परिवर्तित भूमि वाके मौजा बोरियाखुर्द रा.नि.मं. रायपुर-14, प.ह.नं. 71, तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. जिसका खसरा नंबर 424/50 रकबा 1351 वर्गफुट को दीपक धर्मानी पिता- श्री खुशीराम धर्मानी, निसासी- कृष्णाधाम, हनुमान नगर, कालीबाडी, रायपुर छ.ग. से खरीदने का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दी गई है।

उपरोक्त खरीदी-बिक्री के संबंध में जिस किसी संस्था, नगर निगम, नगर पालिक, पंचायत, बैंक, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था, व्यक्ति आदि को किसी भी प्रकार से हक, दावा, उजर या आपत्ति हो तो, इस प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय असल दस्तावेज के मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, बाद म्याद अवधि के कोई भी प्रकार का दावा, आपत्ति मान्य नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 12.02.2026 भवदीय
शैलेन्द्र सिंह ठाकुर (अधिवक्ता)
शांति चौक, पुरानी बस्ती, लाखे नगर रोड, रायपुर (छ.ग.)

:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::
(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता) न्यायालयः-कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.
उत्तराधिकार प्र.क्र.-53/2026 प्रो.क्र.111/26
पेशी तारीख 27.03.2026
उषा चन्द्रवंशी ---------------------आवेदकगण
बनाम
आशीष चन्द्रवंशी व अन्य ------------अनावेदकगण
प्रति,
आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण
जो कि आवेदकगण के मृतक पति/पिता स्व० एस.एस. चन्द्रवंशी (सुदर्शन चंद्रवंशी), के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 27.03.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।
आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।
अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।
नोटः- यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।
यह आज तारीख 10.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया है।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 10.02.2026 मुहर
कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर
मामले की श्रेणीः राजस्व
संदर्भः-जिला- रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.- 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526440725600166
// ईश्तहार //
तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी ना.बा.उमेशकुमार पिता/पति- पिता झुमुकराम सिन्हा वली मां मीराबाई जौ झुमुकलाल पता- नि. आर. डी. ए. कालोनी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 123/48(0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता उमेश कुमार सिन्हा पिता/पति झुमुकराम सिन्हा पता - आर.डी.ए. कॉलोनी टिकरापारा रायपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/02/2026 को जारी किया जाता है।
मुहर
नायब तहसीलदार : Jyoti Singh रायपुर

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द > साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

ੴ ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸੱਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹੇ ੴ



अंतिम अरदास
स्व. सुरजीत कौर अहलूवालिया जी (बबली)

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि सरदारनी सुरजीत कौर अहलूवालिया जी का आकस्मिक निधन दिनांक 8 फरवरी को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखे गए अखंड पाठ साहिब की समाप्ति दिनांक 14 फरवरी, शनिवार को होगी।

कार्यक्रम
12:00 बजे से 1:00 बजे तक कीर्तन एवं अंतिम अरदास
उपरंत गुरु का लंगर, गुरुद्वारा देवेन्द्र नगर रायपुर

शोकाकुल :
स्व.स. जसवंत सिंह गुरदत्ता सिर्री वाले (पिता)
स्व.स. गुरमीत सिंह अहलूवालिया (पति)
स. सौहेन्द्र सिंह, स. जसबीर सिंह (भाई)
स. परमजीत सिंह, स.अमरजीत सिंह (भाई)
असीम अहलूवालिया (पुत्र)
राशी-कबीर ओबेरॉय (पुत्री-दामाद)
मो.: +91 70214 24882

# प्रदेश में हर साल बिक रहे 40 हजार ई-वाहन, चार्जिंग स्टेशन साढ़े तीन सौ के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में अब ई वाहनों का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। अब सालभर में 40 हजार से ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन और ई-रिक्शा हैं। कारों की बिक्री अब भी कम है। पांच साल पहले प्रदेश में महज साढ़े छह हजार वाहन बिके थे, लेकिन अब रफ्तार तेज हो गई है। ऐसे में प्रदेश में इस समय करीब दो लाख ई-वाहन हो गए हैं, लेकिन जहां तक चार्जिंग स्टेशनों का सवाल है, तो प्रदेश में साढ़े तीन सौ के आसपास हैं। इनमें से सबसे ज्यादा राजधानी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई में हैं। छोटे शहरों में बहुत कम संख्या में चार्जिंग स्टेशन हैं। प्रदेश में बीते पांच सालों में ई-वाहनों की ब्रिकी में बड़ा बूम आया है। पांच साल पहले की बात करें तो प्रदेश में 2021-22 में महज साढ़े छह हजार वाहन बिके थे। लेकिन 2022-23 में इसमें करीब पांच गुना इजाफा हुआ और करीब तीस हजार वाहन बिके। अब यह आंकड़ा 40 हजार के पार हो गया है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश में हर दो से ढाई हजार दोपहिया वाहन बिक रहे हैं।

इसी के साथ हर माह एक हजार के आस-पास ई-रिक्शा भी बिक रहे हैं। जहां तक कारों का सवाल है तो इसका आंकड़ा कम है। कारें हर माह दो से तीन सौ के आसपास ही बिक रही हैं। इनकी कीमत ज्यादा होने के कारण इसका क्रेज कुछ कम हैं। कुल मिलाकर सालभर में जहां 25 हजार से ज्यादा दुपहिया बिक रहे हैं, वहीं ई-रिक्शा 13 से 14 हजार बिक रहे हैं। कारों की बिक्री तीन हजार के आस-पास ही है।

■ पांच साल पहले सालभर में बिके थे साढ़े छह हजार वाहन

अलग खबर

### ई-वाहनों पर सब्सिडी

प्रदेश सरकार भी ई-वाहनों की खरीदी पर सब्सिडी दे रही है। पहले 10 प्रतिशत तक सब्सिडी या डेढ़ लाख (जो भी कम हो) की मिलती थी। लेकिन मई 2025 के संशोधन के बाद, यह अधिकतम सब्सिडी एक लाख हो गई है। साथ ही 20 लाख से ऊपर के ई-वाहनों पर सब्सिडी भी खत्म कर हो गई है। रजिस्ट्रेशन शुल्क में भी 2026-27 तक छूट का प्रावधान है।



### चार्जिंग स्टेशन बढ़ाने पर ध्यान

प्रदेश में आज की स्थिति में 347 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं। इसमें से 124 फास्ट और 223 स्लो चार्जिंग स्टेशन हैं। इनमें से लगभग 50 फीसदी स्टेशन रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर जिलों में हैं, जबकि शेष अन्य जिलों में। जिन जिलों में चार्जिंग स्टेशन कम हैं, वहां प्राथमिकता के आधार पर नए स्टेशन की स्थापना की जा रही है। प्रदेश सरकार चार्जिंग स्टेशन को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोल पंपों और वाहन विक्रेताओं से सहयोग ले रही है। प्रदेश में 600 से अधिक ई-वाहन डीलर्स पंजीकृत हैं। इनसे कहा गया है कि वे अपने शोरूम और विक्रय स्थलों पर चार्जिंग पॉइंट स्थापित करें, ताकि ग्राहकों को सुविधाजनक चार्जिंग विकल्प मिल सकें।

## खबर संक्षेप



### महाराष्ट्र के सीएम से भाजपा नेता संजू ने की मुलाकात

**रायपुर।** प्रदेश भाजपा के कार्यसमिति सदस्य संजू नारायण सिंह ने मुंबई में मुख्यमंत्री निवास "वर्षा" पहुंचकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सौजन्य भेंट-मुलाकात की। इस दौरान महाराष्ट्र में नगर निगम चुनाव व पंचायत चुनाव में भाजपा के ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ की राजनीति व सरकार के बारे जानकारी ली। इस दौरान बस्तर में नक्सलवाद खत्म होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं गृहमंत्री विजय शर्मा को बधाई दी। संजू नारायण ने उन्हें जल्द ही छत्तीसगढ़ आने का आग्रह किया तो उन्होंने भरोसा दिया कि वे जरूर छत्तीसगढ़ आएंगे।

### राजीव नगर में आज से महाशिवरात्रि महोत्सव

**रायपुर।** श्री जीवनेश्वर महादेव सेवा समिति द्वारा श्री जीवनेश्वर महादेव मंदिर राजीव नगर कॉलोनी में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सचिव ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि महोत्सव का 31वां वर्ष है। आयोजन के पहले दिन 14 फरवरी को अखंड रामायण पाठ से शुरुआत होगी। रात्रि में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार कर ठंडाई का भोग लगाया जाएगा। मंदिर के पुजारी पं. पंकज शुक्ला के मार्गदर्शन में दूसरे दिन 15 फरवरी को सुबह से सुबह 4 बजे से 10 बजे तक रुद्री पाठ, जल एवं दुग्धाभिषेक किया जाएगा। उसके बाद भगवान शिव का विशेष श्रृंगार, पूजा-अर्चना की जाएगी। महाशिवरात्रि पर्व पर स्व. जीवनलाल सिंघानया एवं ललित कुमार सिंघानिया की स्मृति में भंडारा प्रसाद की भी श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की गई है। समिति के संरक्षक रोहित सिंघानिया, कार्यक्रम संचालक हेमंत कुमार सिंघानिया एवं मोहित सिंघानिया ने महोत्सव में शामिल होकर भंडारा प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया है।

### दो गांजा तस्करों को कैद डेढ़-डेढ़ लाख जुर्माना भी

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में डेढ़ वर्ष पूर्व 22 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार महाराष्ट्र, अमरावती के दो आरोपियों को कोर्ट ने 15-15 वर्ष कैद के साथ डेढ़-डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की स्पेशल कोर्ट में हुई। पुलिस ने दोनों गांजा तस्करों को इंटर स्टेट बस टर्मिनल से गिरफ्तार किया था। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार कोर्ट ने सतीश दौलत राव नांदुरकर तथा पंकज सुरेश राव राजनकर को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से मई 2024 में गांजा जब्त किया था। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के अनुसार दोनों तस्कर बैग में गांजा लेकर किसी ग्राहक को देने आए थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर दोनों को इंटर स्टेट बस टर्मिनल के गेट नंबर तीन के पास घेराबंदी कर हिरासत में लेकर बैग की तलाशी ली, तो गांजा मिला।

### आईएमए ने किया स्पष्ट कम से कम 2 एमबीबीएस, बिस्तरों की संख्या के आधार पर नहीं

# जिले में 11 और राज्य के सवा सौ अस्पतालों की जानकारी अपडेट नहीं, दो दिन और मोहलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान योजना से संबंधित हेम पोर्टल 2.0 में की पेचीदगी की वजह से जिले के 11 और राज्य में सवा सौ अस्पताल की जानकारी अपडेट नहीं हो पाई है। योजना में पंजीकृत अस्पतालों के सौ फीसदी पंजीयन के लिए दो दिन और मोहलत दी गई है। इधर अफसरों से मिलने के बाद आईएमए ने स्पष्ट किया है कि बिस्तरों की संख्या के आधार पर डाक्टरों की नियुक्ति अनिवार्य नहीं है। किसी ही हास्पिटल में कम से कम 2 एमबीबीएस डाक्टरों की आवश्यकता होगी। दावा यह भी है कि 95 फीसदी हास्पिटलों ने जानकारी अपलोड कर दी है।

सूत्रों के मुताबिक डाक्टरों की उपलब्धता सहित अन्य नियम काफी पुराने हैं, जिसका उल्लेख नए पोर्टल में भी है। आयुष्मान में पंजीकृत सभी हास्पिटलों को यह जानकारी अपलोड करना अनिवार्य है। इसकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दिसंबर से लेकर अब तक तीन से चार बार अंतिम तारीख बढ़ाई जा चुकी है। अफसरों के अनुसार नए पोर्टल में जानकारी अपडेट नहीं करने पर संबंधित अस्पताल का लॉगिन निष्क्रिय हो जाएगा और ने स्वमेव योजना से बाहर हो जाएगा। रायपुर जिले अस्पतालों के प्रतिनिधियों को सीएमएचओ कार्यालय बुलाकर जानकारी अपलोड कराई और अन्य जिलों में विभिन्न तरीकों से इस प्रक्रिया पूरी की गई। शुक्रवार के बाद जिले में 11 और राज्य में करीब सवा सौ हास्पिटल अपनी जानकारी अपलोड नहीं कर पाए है। इन्हें 15 फरवरी तक का वक्त दिया गया है। इधर एमबीबीएस की अनिवार्यता पर आईएमए के डॉ. केतन शाह, डॉ. संजीव श्रीवास्तव और डॉ. विवेक गोयल ने स्टेट नोडल एजेंसी के अधिकारियों से मुलाकात के बाद स्पष्ट किया है कि अस्पताल में कम से कम दो डाक्टर होना चाहिए। इसके अलावा निजी स्वामित्व वाले नर्सिंग होम में विशेषज्ञ की गिनती होगी यानी वहां केवल एक डाक्टर की आवश्यकता होगी। बीस बेड के पीछे 24 घंटे में तीन डाक्टर की अनिवार्यता से उन्होंने इंकार किया है।

हरिभूमि सरोकार

### स्पेशलिस्ट डाक्टरों का नर्सिंग होम

सूत्रों के अनुसार नए नियम के अनुसार नर्सिंग होम खोलने का अधिकार स्पेशलिस्ट डाक्टरों के पास होगा। यानी एमबीबीएस डाक्टर नर्सिंग होम नहीं खोल पाएंगे। इस बारे में दो तरह के तर्क दिए जा रहे हैं। पहला इससे अस्पताल में योजना से संबंधित विभिन्न गड़बड़ियों पर विराम लगेगा। योग्यता नहीं होने के बाद भी कई लोगों द्वारा अस्पताल चलाने की शिकायत कम होगी। दूसरा तर्क यह है कि बाहरी इलाकों में स्वास्थ्य सेवा इससे प्रभावित होगी। राज्य में वैसे भी विशेषज्ञ डाक्टरों की संख्या कम है और नर्सिंग होम के संचालन को उनके दायरे में सीमित करना गलत है।

### नए पोर्टल की पेचीदगी, 95 फीसदी से ज्यादा अस्पतालों द्वारा जानकारी अपलोड के दावे, नियम काफी पुराना




### सर्जनों के लिए भी नियम

अस्पतालों के साथ विशेषज्ञ डाक्टर और सर्जनों को भी नियम में बांधा गया है मसलन एक विशेषज्ञ डाक्टर तीन से अधिक अस्पतालों में सेवा नहीं दे पाएंगे। इस नियम का भी काफी विरोध हो रहा है। तर्क दिया गया है कि राज्य में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी है इसके अलावा उनके द्वारा कई छोटे और मध्यम अस्पतालों में सेवा दी जाती है। उनके कार्यक्षेत्र को सीमित करने से छोटे अस्पतालों की दिक्कत बढ़ जाएगी और वहीं होने वाली कई सर्जरी बंद हो जाएगी। इसका सीधा असर स्वास्थ्य व्यवस्थआ पर होगा।

### भ्रम दूर होने की उम्मीद

अफसरों द्वारा नए पोर्टल में किसी भी अनिवार्यता से इनकार किया गया है। जिन आवश्यकताओं का जिक्र है यह आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठाने के समय से ही योजना में मौजूद है जिसकी मांग अब की गई है। पोर्टल पर राज्य के 95 फीसदी अस्पतालों की जानकारी अपलोड हो चुकी है जिनके बचे है वे भी शीघ्र पूरे किए जाएंगे।

### डा. सुरेन्द्र शुक्ला, अध्यक्ष हास्पिटल बोर्ड

मंशा छोटे अस्पतालों को बंद करने की मंशा सरकार की मंशा छोटे अस्पतालों को बंद करने की है जिससे सरकार को कम संख्या में अस्पताल कवरेज से आयुष्मान योजना के तहत कम मरीजों का इलाज और भुगतान करना पड़े। हेम-2 पोर्टल के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पतालों पर सीधा दबाव बनाया जा रहा है। इससे आयुष्मान योजना रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग जिले में केंद्रित होकर रह जाएगी।

-डा. राकेश गुप्ता, अध्यक्ष एएचपीआई

# सड़क को व्यवस्थित रखना हम सब की जिम्मेदारी: मीनल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ नगर निगम मुख्यालय में हुई नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त बैठक

शहर की सड़क को कब्जा मुक्त कर सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में नगर निगम और यातायात पुलिस की संयुक्त बैठक हुई। इस बैठक में महापौर मीनल चौबे ने कहा कि सड़क किसी भी विभाग की हो, जनता की नजर में वह शहर की सड़क है और उसे व्यवस्थित रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। सुगम यातायात एवं अतिक्रमण मुक्त शहर यही हमारा लक्ष्य है। बैठक में आयुक्त विश्वदीप, यातायात एएसपी विवेक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निगम मुख्यालय के सभाकक्ष में हुई बैठक का मुख्य एजेंडा शहर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त करना और सुगम यातायात व्यवस्था बनाना रहा। महापौर ने कहा कि सुगम यातायात व्यवस्था तभी बन पाएगी, जब सड़कों से अतिक्रमण की समस्या खत्म होगी। इसके लिए यातायात पुलिस और नगर निगम को मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण में सड़क पर पार्क कंडम गाड़ियां भी है, जिसे हटाने की सख्त जरूरत है।

### 18 चौराहों को किया जाएगा अतिक्रमण मुक्त

शहर में 18 चौराहों पर अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था में बाधा आ रही है। इन चौराहों को चिन्हित कर अब यहां नगर निगम और यातायात पुलिस विभाग संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। इस अभियान के दौरान कंडम वाहन जब्ती बनाना, रोड मार्किंग, जेब्रा क्रॉसिंग, ट्रैफिक सिग्नल, स्पीड ब्रेकर की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही दुकानों के बाहर सड़क तक रखे सामग्री रखने पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# 4 से 18 साल तक बकाया राशि का भुगतान नहीं, 11 दुकानें सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बड़े बकायादारों के विरुद्ध नगर निगम प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। इसके तहत बकाया राशि का भुगतान नहीं करने पर सीलबंद की कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को 11 दुकानों को सीलबंद किया गया है। इसके अलावा कुछ दुकानदारों ने कार्रवाई के डर से मौके पर बकाया राशि का भुगतान कर दिया, जिसके कारण उनकी दुकानें सीलबंद नहीं की गईं।

### मंगल बाजार की 7, सखाराम दुबे स्कूल परिसर की दो दुकानें सीलबंद

नगर निगम बाजार विभाग ने बड़ी कार्रवाई मंगल बाजार और सखाराम दुबे स्कूल परिसर में की है। यहां 14 दुकानें संचालित हैं, जिन पर पिछले 18 वर्षों का बकाया है। प्रत्येक दुकान पर 2 लाख 22 हजार 618 रुपए बकाया है। बार-बार नोटिस जारी करने के बाद दुकानदार बकाया राशि अदा नहीं कर रहे थे। नगर निगम की टीम जब इन दुकानों को सीलबंद करने के लिए पहुंची, तो इनमें से 5 दुकानदारों ने बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर दिया, वहीं शेष 9 दुकानदारों ने बकाया राशि अदा नहीं की। इसके कारण इन दुकानों को सीलबंद किया गया। इसी प्रकार जोन 2 क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2116-17 से 2025-26 तक के 13 लाख 66 हजार 720 रुपए के बड़े बकायेदार सायरा बेगम और वार्ड 27 क्षेत्र के वर्ष 2016-17 से 2025-26 तक के 18 लाख 89 हजार 585 रुपए के बड़े बकायादार विदेश कोठारी द्वारा डिमांड बिल और अंतिम नोटिस देने के बाद भी बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया। इन दोनों बड़े बकायादारों के संस्थान को सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। इस क्षेत्र में वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक के 1 लाख 13 हजार 362 रुपए के बड़े बकायादार चंदूलाल ने सीलबंद कार्रवाई से बचने तत्काल बकाया राशि का भुगतान कर दिया।



### इन दुकानों को किया सीलबंद

मंगल बाजार में संचालित मुकुंद लाल देवांगन दुकान नंबर 3, राघवेंद्र-ईश्वरी दुकान नंबर 4, नवीन केशवानी-लखेश्वर केशवानी दुकान नंबर 18, कमल दीवान दुकान नंबर 22, विमल जैन दुकान नंबर 27 और दुकान नंबर 28 शामिल है। इसी प्रकार सखाराम दुबे स्कूल परिसर में दुकानदार राजकुमार सोनी पर 4 वर्ष का 1097381 रूपये का बकाया और दुकानदार शिव कुमार ताम्रकार पर 6 वर्ष का 156906 रुपए की राशि बकाया है।

# विरोध के बीच तीसरे दिन अतिक्रमण की कार्रवाई रुकी, पूर्व महापौर ने कहा- सिस्टम के तहत नहीं की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में जिला प्रशासन, नगर निगम एवं यातायात पुलिस संयुक्त रूप से सड़क से अतिक्रमण हटाओ अभियान चला रहे हैं। इसके तहत पिछले दो दिन में शहर में कई मुख्य मार्ग पर अभियान चलाकर ठेला-गुमटियों को हटाने के साथ दुकानों के सड़क तक फैले सामान को जब्ती भी बनाया जा रहा है। इस कड़ी में तीसरे दिन भी कार्रवाई होनी थी, लेकिन व्यापारियों के विरोध के बीच यह कार्रवाई नहीं हो पाई।

पूर्व महापौर एजाज ढेबर और उनकी पार्षद पत्नी से व्यापारियों ने गुहार लगाई थी कि बिना नोटिस जारी किए उनकी दुकानों का सामान जब्ती बनाया जा रहा है। इस पर पूर्व महापौर और पार्षद पत्नी ने जोन-4 के अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों से बातचीत की तथा सिस्टम के तहत ही कार्रवाई किए जाने की मांग की।



### भाजपा से जुड़े व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही

टीम प्रहरी ने गुरुवार को जोन 4 क्षेत्र अंतर्गत मालवीय रोड, बैजनाथपारा रोड, एवरग्रीन चौक, शास्त्री बाजार के प्रमुख बाजार मार्गो को अतिक्रमण से मुक्त करने व्यापक अभियान चलाया था। इस दौरान कई दुकानों के सड़क तक फैले सामानों को जब्ती भी बनाया है। इस कार्रवाई के विरोध में इस मार्ग पर दुकानें लगाने वाले व्यापारियों ने पूर्व महापौर और उनकी पार्षद पत्नी से गुहार लगाई थी कि नगर निगम से नोटिस जारी किए बिना यह कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान उनकी दुकानों के सामानों को भी जब्ती बनाया जा रहा है। व्यापारियों की बातें सुनकर ढेबर दंपत्ति ने जोन और पुलिस अधिकारी से मिले। उनके साथ व्यापारी भी थे। ढेबर दंपत्ति ने अधिकारियों से कहा कि सड़क पर दुकान लगाने के पक्ष में वे भी नहीं है, लेकिन अगर कार्रवाई की जा रही है, तो सिस्टम के तहत होनी चाहिए।पूर्व महापौर ने आरोप लगाया है कि इस कार्रवाई में कांग्रेस दुकानदारों को टारगेट किया जा रहा है, जबकि भाजपा से जुड़े व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की जा रही है। बैजनाथपारा में जो कार्रवाई हुई है, वहां भाजपा से जुड़े व्यापारियों की भी दुकानें हैं, लेकिन उन्हें छोड़कर यहां अन्य दुकानों के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। इस तरह कार्रवाई में भी राजनीतिक पार्टी को देखा जा रहा है।

# वर्दी की आड़ में ड्रग तस्करी करने वाले सिपाही का साथी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र की पुलिस ने हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार आमानाका थाना में तैनात आरक्षक हिमांशु बर्मन से पूछताछ के आधार पर उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से साढ़े पांच ग्राम हेरोइन चिट्टा के साथ एक जिंदा कारतूस जब्त किया है। सिपाही के साथी को पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सूखा नशा के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत 11 फरवरी को पुलिस ने हिमांशु बर्मन को एक ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। सिपाही नीलकंठेश्वर मंदिर के पीछे मठपारा इलाके में वाहन में बैठकर नशे का सौदा करने की फिराक में था। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रंगे हाथों पकड़ा। ड्रग नेटवर्क से जुड़े सिपाही से पूछताछ करने पुलिस ने उसकी कोर्ट से रिमांड हासिल कर पूछताछ की, तो उसने अपने साथी लक्की सिंह को ड्रग बेचे जाने की जानकारी दी। लक्की को हिमांशु ने छह ग्राम हेरोइन दिया था, जिसमें से उसने आधा ग्राम हेरोइन का खुद सेवन कर बाकी अन्य को खपाने की फिराक में था। किसी दूसरे को लक्की हेरोइन दे पाता, इसके पूर्व वह पकड़ा गया।



■ आरोपी पुलिसकर्मी के साथी से साढ़े पांच ग्राम हेरोइन चिट्टा जब्त

### वर्दी की आड़ में ड्रग तस्करी

*हिमांशु वर्दी की आड़ में ड्रग की तस्करी कर रहा था। वह ड्रग की डिलीवरी के बाद अपने ही खाते में पैसे ले रहा था। पुलिस के अनुसार आरक्षक हिमांशु बर्मन पिछले डेढ़ साल से आमानाका थाना में तैनात है। वह कई बार ड्रग से संबंधित कार्रवाई में शामिल रहा। इसी दौरान उसका कुछ तस्करों से संपर्क हुआ और पैसों के लालच में वह खुद तस्करी करने लगा। वह तस्करों से ड्रग मंगाकर नशा करने वालों तक पहुंचाता था। पूछताछ में हिमांशु ने चार बार ड्रग सप्लाई करने का अपराध कबूल किया है। वह वर्ष 2013 में पुलिस में भर्ती हुआ था। बताया जा रहा है हिमांशु ड्रग पैडलरों की मदद से दिल्ली और पंजाब से ड्रग लेकर आता था। हिमांशु के संपर्क में अन्य आरोपियों की पुलिस पतासाजी कर जल्द कार्रवाई करने की बात कह रही है।*

आवश्यकता है
पेज मेकर - 04
क्वार्क एक्सप्रेस, पेजमेकिंग में दक्ष
अनुभवी को प्राथमिकता
इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा के साथ संपर्क करें
एच.आर. विभाग 0771-4242252 95222 83349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
Email - inhnewshr@gmail.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
मनाली टूर
03 दिन
Ex-दिल्ली
6, 13, 20, 27 फरवरी 2026
6, 13, 20, 27 मार्च 2026
होटल, टेंपू ट्रैवलर ,खाना, गाईड
राशि:- मात्र 6000/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



04 कर्ली बाल हो सकते हैं शाइनी और...

लाइव इवेंट

## 70 दशक के गीतों ने मोहा मन छत्तीसगढ़ी नृत्य ने बांधा समां




**रायपुर।** विवेकानंद महाविद्यालय के ओपन ऑडिटोरियम में शुक्रवार प्रातः 10:00 बजे से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मीनल चौबे (महापौर, रायपुर) रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पुष्पा साहू (हरियाली दीदी) उपस्थित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात राजगीत 'अरपा पैरी' एवं गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया तथा मंच पर आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एलुमनी एवं संस्था के प्रमुख गण भी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने और समाज के प्रति जिम्मेदार बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान खेल, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यक्रम की द्वितीय श्रृंखला में विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा मीनाक्षी निषाद ने छत्तीसगढ़ी नृत्य से कार्यक्रम की रंगारंग शुरुआत की। खुशबू यादव ने राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। मिनाक्षी साव ने 70 के दशक के लोकप्रिय गीत 'इतना ना मुझसे प्यार कर' की प्रस्तुति देकर सभी को भावविभोर कर दिया। पंजाबी नृत्य की समूह प्रस्तुति ने देश की 'अनेकता में एकता' की भावना को दर्शाया। दीक्षा पुष्पराज ने 'मोहे रंग दो लाल' पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि वर्षा ने तमिल नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। नौसिन आरा ने 'बड़े अच्छे लगते हैं' गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य एवं विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दर्शक दीर्घा में उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक पूरे उत्साह के साथ तालियों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते रहे।

आकाशवाणी और यूनेस्को ने 'रेडियो और एआई' थीम पर साझा किया भविष्य का रोडमैप

# तकनीक के साथ तालमेल, 'आकाशवाणी' नहीं खोएगी अपनी पहचान, 1940 के रेडियो पर श्रोताओं ने सुना पसंदीदा कार्यक्रम

*विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आकाशवाणी और यूनेस्को द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान लोगों ने 1940 से 2000 तक के रेडियो की आवाजें सुनीं। श्रोताओं ने रेडियो के पुराने समय को याद किया। आयोजन में 50 साल पुराने रेडियो देखने और आकाशवाणी सुनने लोग उत्सुक नजर आए। समारोह का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया।*

**रायपुर।** इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम 'रेडियो और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' रखी गई है, जो सूचना क्रांति के इस दौर में रेडियो की प्रासंगिकता और आधुनिक तकनीक के समन्वय पर केंद्रित है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रेडियो की विश्वसनीयता और एआई की गति के संगम को जनसेवा के लिए एक नई क्रांति बताया।

### 95 प्रतिशत आबादी तक आकाशवाणी की पहुंच सुनिश्चित होगी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आकाशवाणी सूचना, शिक्षा और स्वस्थ मनोरंजन देने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों और किसानों के जीवन में रेडियो की भूमिका आज भी अद्वितीय है। श्री साय ने जोर देकर कहा कि तेज गति से समाचार देने की प्रतिस्पर्धा के बीच आकाशवाणी ने विश्वसनीय, संतुलित और जनहितकारी सूचना देने की अपनी परंपरा को कायम रखते हुए एक विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने एआई के उपयोग पर चिंतन की आवश्यकता बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में एफएम ट्रांसमीटरों के विस्तार से जल्द ही राज्य की करीब 95 प्रतिशत आबादी तक आकाशवाणी की पहुंच सुनिश्चित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' जैसे लोकप्रिय कार्यक्रम के लिए रेडियो का चयन इसकी व्यापक पहुंच और प्रभाव को दर्शाता है।




### बदलती तकनीक के साथ आकाशवाणी खुद को ढाल रहा

काशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन ने स्वागत भाषण देते हुए रेडियो को समाज के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि रेडियो ने न सिर्फ देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोया है, बल्कि देश की प्रगति में समाज के सभी वर्गों को जोड़ा है। श्री जैन ने जानकारी दी कि 23 भाषाओं और 182 बोलियों के माध्यम से आकाशवाणी देश के दूरदराज के हिस्सों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बदलती तकनीक के साथ आकाशवाणी भी खुद को ढाल रहा है और अब एआई का उपयोग इस तरह किया जाएगा कि इसकी विश्वसनीयता और श्रोताओं के साथ आत्मीय रिश्ता निरंतर बना रहे।



### छह संगीत प्रस्तुतियों का डिजिटल विमोचन

समारोह के दौरान यूनेस्को की क्षेत्रीय संचार और सूचना सलाहकार सुश्री हज्जाज माले ने भी रेडियो की व्यापक पहुंच तथा विश्वसनीयता की सराहना की। कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष स्मारक श्रृंखला 'स्वाधीनता का जयघोष' के अंतर्गत छह संगीत प्रस्तुतियों का डिजिटल विमोचन रहा। इस अवसर पर रेडियो की विकास यात्रा पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई और विशेषज्ञों द्वारा एआई के प्रभावी उपयोग पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विशेषज्ञों ने भविष्य की संचार चुनौतियों और रेडियो की भूमिका पर मंथन किया।



आर्य समाज में भी शादियों को लेकर तैयारी पूरी, गिफ्ट बाजार गुलजार

# वैलेंटाइन डे पर डिनर से लेकर मूवी तक 'एडवांस बुकिंग', चार दिनों तक महकने वाले गुलाब की भारी मांग

वैलेंटाइन डे का उत्सव अब युवाओं के लिए एक नया रूप ले चुका है। एक समय था, जब 14 फरवरी को गार्डन में प्रेमी जोड़ों की भीड़ देखने को मिलती थी, वहीं गार्डन के बाहर बजरंग दल के कार्यकर्ता भी नजर आते थे, लेकिन अब समय के साथ इस दिन को सेलिब्रेट करने का तरीका पूरी तरह बदल चुका है।



**रायपुर।** अब वैलेंटाइन डे पर प्रेमी जोड़े अपने खास पल बिताने के लिए होटल और रेस्तरां का रुख कर रहे हैं। यह दिन अब एक सामान्य तारीख बनकर रह गया है, जब लोग अपने प्रियजनों के साथ एक शांतिपूर्ण माहौल में भोजन करना और समय बिताना पसंद करते हैं।

रेस्तरां में बढ़ती भीड़ और डिनर के लिए बुकिंग का चलन इस बदलते ट्रेंड को और स्पष्ट करता है। युवाओं का यह नया रुझान दर्शाता है कि वैलेंटाइन डे के प्रति सोच और इसका सेलिब्रेशन करने का तरीका अब पूरी तरह से बदल चुका है। शहर के होटलों में आज वैलेंटाइन डे पर विभिन्न आयोजन होंगे। दोपहर से लेकर रात तक डिनर टेबल एक दिन पहले ही बुक हो चुके हैं। इसके अलावा सामाजिक संस्था द्वारा कपल्स को प्रेम का महत्व बताया जाएगा।

### वैलेंटाइन डे पार्टी में शामिल होंगे कपल्स

वैलेंटाइन डे के मौके पर विभिन्न संस्थालों ने कपल्स के लिए खास पार्टी का आयोजन किया है। इस पार्टी में डांस, सिंगिंग और मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिससे प्रेमी-प्रेमिकाएं इस खास दिन को और भी मजेदार तरीके से मना सकें। कार्यक्रम में कपल्स को एक साथ समय बिताने का मौका मिलेगा और वे विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर इस दिन को यादगार बना सकेंगे। डांस और सिंगिंग के साथ ही कुछ रोमांचक खेल भी रखे गए हैं, जो उपस्थित सभी कपल्स को आकर्षित करेंगे। कपल्स अपनी भावनाओं को साझा करने के साथ-साथ मनोरंजन का भी भरपूर आनंद ले सकेंगे।

### फिल्मों के सभी शो की एडवांस बुकिंग

वैलेंटाइन डे के मौके पर शहर के थियेटरों में चल रही फिल्मों के सभी शो की एडवांस बुकिंग पूरी हो चुकी है। इस दिन, दोपहर, शाम और रात के समय बड़ी संख्या में दर्शक थियेटर में फिल्म देखने के लिए पहुंचेंगे। वैलेंटाइन डे पर कपल्स और परिवारों के लिए फिल्म देखने का ट्रेंड काफी बढ़ चुका है। इसके साथ ही शहर के मॉल में भी वैलेंटाइन डे के अवसर पर खास सजावट की गई है, जिससे माहौल और भी रोमांटिक हो गया है। मॉल में आने वाले लोग सजावट के साथ सेल्फी भी ले रहे हैं। रेस्तरां में भी इस दिन के खास मौके पर विभिन्न ऑफर्स दिए जा रहे हैं, जिसमें कपल्स को रोमांटिक डिनर और डिस्काउंट का लाभ मिलेगा।



### रंगीन गुलाब के फूलों का गुलदस्ता सबसे महंगा

*वैलेंटाइन डे को लेकर बाजार में फूलों के दाम 20 से 50 रुपए तक बढ़ गए हैं। गुरुवार को 1 हजार से लेकर 5 हजार तक गुलाब के फूलों का गुलदस्ता तैयार करने लोगों ने बुकिंग कराई तो वहीं बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदी भी की। देशी और विदेशी गुलाबों की महक ने गुलदस्तों की मांग बढ़ा दी है। रंगीन गुलाब के फूलों का गुलदस्ता सबसे महंगा बताया जा रहा है, जिसकी कीमत 5 हजार तक है। दुकानदारों का कहना है कि ये फूल 4 दिनों तक नहीं मुरझाएंगे। इस वजह से दाम अधिक है। दोस्त, कपल्स और अपनों को गुलाब देने रंग अनुसार फूल खरीद रहे हैं।*




### आर्य समाज में विवाह को लेकर तैयारी पूरी

*वैलेंटाइन डे पर बैजनाथपारा स्थित आर्य समाज में सुबह व दोपहर में विवाह होंगे। प्रबंधक का कहना है कि वैलेंटाइन डे पर कई लोग बिना बुकिंग के पहुंचते हैं। लोगों का समय खराब न हो, इसके लिए विवाह को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। जो बुकिंग करा चुके हैं, उन्हें समय दिया जा चुका है। आर्य समाज में एक साथ दो शादियां भी हो सकती हैं। मंडप तैयार किया जा चुका है। संजय नगर शाखा के सदस्य ने बताया कि इस साल बुकिंग है। उनका कहना है कि वैलेंटाइन डे पर विवाह करने वालों को मुहूर्त और योग संयोग से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ता, इसीलिए इस दिन शादियां अधिक हो रही हैं।*



**सिटी लाइव**

# ब्लूप्रिंट बनाने से बेहतर होंगे 12वीं केमिस्ट्री के परिणाम



**रायपुर।** 12वीं केमिस्ट्री की तैयारी करते समय विद्यार्थियों को सबसे पहले ब्लूप्रिंट का ध्यान रखना चाहिए। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि किस यूनिट से कितने अंक के प्रश्न पूछे जाते हैं। ब्लूप्रिंट के अनुसार पढ़ाई करने से तैयारी व्यवस्थित और प्रभावी होती है। 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए रसायन शास्त्र विषय पर विशेष मार्गदर्शन सत्र में यह टिप्स केमिस्ट्री की शिक्षिका रीता संभरकर ने दिए। उन्होंने बताया कि केमिस्ट्री में थ्योरी के साथ रासायनिक समीकरण, अभिक्रियाएं, नामकरण और न्यूमेरिकल प्रश्नों का नियमित अभ्यास करना फायदेमंद होता है। इस तरह बेहतर करने से भी परीक्षा का परिणाम अच्छा होता है।

### नियमित रिवीजन, सैंपल पेपर का अभ्यास करें

शिक्षिका ने बताया कि ऑर्गेनिक, इनऑर्गेनिक और फिजिकल केमिस्ट्री, तीनों भागों को संतुलित रूप से पढ़ना चाहिए। इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन पर विशेष जोर देते हुए बताया कि रोजाना निर्धारित समय पर पढ़ाई करें और प्रत्येक यूनिट के लिए अलग-अलग समय तय करें। कठिन अध्यायों के शॉर्ट नोट्स बनाएं और महत्वपूर्ण अभिक्रियाओं के साथ सूत्रों की अलग सूची तैयार करें। इनका नियमित रिवीजन, सैंपल पेपर अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ की गई तैयारी से 12वीं केमिस्ट्री बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके लिए तय टाइम टेबल का पालन करना होगा।

**धर्म लाइव**

# श्रीमद भागवत कथा से पहले निकाली भव्य कलश यात्रा



**रायपुर।** श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ सप्ताह की श्रृंखला सजाने से पहले भनपुरी क्षेत्र में भक्तिमय माहौल में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु परिवार के साथ शामिल हुए। वहीं कलश धारण करके निकली महिलाओं ने क्षेत्र का भ्रमण करते हुए लोगों को भक्तिमय माहौल दिया। कलश यात्रा कथास्थल से निकलकर महामाया मंदिर से होते हुए क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वापस कथास्थल पहुंची, जहां कलश स्थापना की गई। इसके बाद श्रीमद भागवत महापुराण कथा से पहले व्यासपीठ की विधि-विधान से पूजा के बाद भागवत कथा की शुरुआत श्रोताओं के बीच की गई।

### भागवत महात्मय, कपिल परीक्षित जन्म के प्रसंग

वहीं इस कथा का आयोजन जय बजरंगबली मानस मंडली द्वारा किया जा रहा है। इनकी अगुवाई में कथा 12 से 19 फरवरी तक जारी रहेगी। यह कथा दोपहर 2 बजे से शुरू होती है। कथा में भागवताचार्य अनिल शास्त्री महाराज के मुखारविंद से भागवत महापुराण में निहित प्रसंगों को सुनने का अवसर श्रोताओं को मिलेगा। कथा के पहले दिन प्रसंग में महाराज ने भागवत महात्मय, कपिल परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन से श्रोताओं को अवगत कराया। कथा श्रवण प्रेमियों को श्रीमद भागवत महापुराण की महिमा के बारे में बताया गया। आयोजन का हिस्सा बनने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

**समाज इवेंट**

# उन्नत हैंड्स ऑन पर वर्कशॉप 4 राज्यों के विशेषज्ञ शामिल



**रायपुर।** एसीबिकॉन 2026 का शुभारंभ एम्स में उन्नत हैंड्स-ऑन वर्कशॉप के साथ किया गया। सेंट्रल जोनल एसीबिकॉन के पहले सम्मेलन में गुरुवार को जैव रसायन विभाग में एक दिवसीय गहन हैंड्स-ऑन पर आयोजन किया गया। सेंट्रल जोन में उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्य के विशेषज्ञ शामिल हुए। वर्कशॉप में जैव रसायन विभाग द्वारा नियमित रूप से की जाने वाली उन्नत नैदानिक जांचों पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इनमें सीडी 34 एन्यूमरेशन, टीबीएनके सेल विश्लेषण, माइक्रो आरएनए की पहचान, सीरम प्रोटीन इलेक्ट्रोफोरेसिस तथा इम्यूनोफिक्सेशन को शामिल किया। विभाग कई वर्षों से इन विशिष्ट जांचों को सफलता से कर रहा है। यह परीक्षण स्व-प्रतिरक्षी रोगों व इम्यूनो-कॉम्प्रोमाइज्ड मरीजों, बाल रोगियों के निदान और प्रबंधन के लिहाज से खास होता हैं। डॉ. रचिता नंदा एवं डॉ. सुप्रवा पटेल ने प्रतिभागियों को विभिन्न प्रोटोकॉल की जानकारी दी।

### व्यावहारिक ज्ञान एवं आत्मविश्वास बढ़ाने पहल

सत्र को विभाग के विशेषज्ञों और संकाय के सदस्यों डॉ. सीमा शान, डॉ. डीएल गुप्ता, डॉ. नेहा वर्मा एवं डॉ. विभा सकारे द्वारा संचालित किया गया। फ्लो साइटोमेट्री वर्कशॉप में बेकमैन, कूल्टर, मुंबई के सीनियर एप्लिकेशन साइंटिस्ट डॉ. सुशील कुमार रामदासी ने इसमें सहभागिता निभाई। चारों सेंट्रल जोन राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में स्वयं जांच प्रक्रिया की। इसमें उन्हें व्यावहारिक ज्ञान एवं आत्मविश्वास प्राप्त हुआ। समापन सत्र में आयोजन के अध्यक्ष, जैव रसायन विभागाध्यक्ष एवं डीन (अकादमिक) प्रो. डॉ. एली मोहापात्रा ने जहां लोगों को संबोधित किया। वहीं एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**राजधानी के आस्था केंद्रों में महाशिवरात्रि पारंपरिक तरीके से मनाने आयोजकों ने हर दिन के लिए तय की थीम**

# महिलाओं ने निभाई चूलमाटी की रस्में, महादेव के हरित श्रृंगार से हुआ महोत्सव का भव्य आगाज


'देवों के देव महादेव की आस्था का महापर्व शिवरात्रि पर थीम बेस्ड श्रृंखला से सजाने की परंपरा कई मंदिरों में निभाई जा रही है। इस कड़ी में शुक्रवार को रामनगर में भगवान शिव-पार्वती के विवाह के लिए भव्य मंडप सजाया गया है। इसमें महिला भक्तों ने विवाह की रस्मों से जुड़ी चूलमाटी की परंपरा लग्न मंडप में निभाते हुए महाशिवरात्रि महोत्सव का आगाज किया। वहीं श्री नीलकंठ मंदिर में वैवाहिक परंपराओं को महिला भक्तों ने निभाते हुए महादेव का आकर्षक हरित श्रृंगार किया। इसी कड़ी में कई आयोजकों द्वारा शनिवार से विविध धार्मिक आयोजन की श्रृखला सजाई जाएगी।'



### नगर उत्सव की कड़ी में निभा रहे हैं परंपरा

रामनगर में श्री राधाकृष्ण सेवा समिति और रुद्रांश परिवार के तत्वावधान में 'नगर उत्सव' का आयोजन इस बार भी किया जा रहा है। इसमें शिव और पार्वती का विवाह पारंपरिक छत्तीसगढ़ी रस्मों के साथ किया जा रहा है। भक्तों द्वारा सजाए गए भव्य मंडप 16 फरवरी तक 'नगर उत्सव' की धूम रहेगी। समिति के संस्थापक ओम नारायण साहू ने बताया कि उत्सव शुक्रवार को चुलमाटी एवं वैवाहिक रस्मों के साथ शुरू किया गया। शनिवार को तेल, हल्दी और संगीत का आयोजन किया जाएगा। शाम को महादेव के नाम गीतों की गूंज रहेगी।

### विधि-विधान से होगी पूजा, सजेगी झांकी




चौबे कालोनी स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। सुंदरकाण्ड पाठ ,भजन संध्या और झांकी का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रसिद्ध भजन गायक लल्लू महाराज एंड ग्रुप द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। परिसर को कोलकाता से मंगाए गए आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। आयोजक रीना जैन ने बताया कि भगवान शंकर के सबसे प्रिय दिन मंदिर में सुबह रूद्राभिषेक व पूजा अर्चना की जाएगी। शाम 5 बजे से सुंदरकांड पाठ, भजन और आरती के बाद फलाहार व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### गायत्री शक्तिपीठ में आज से शुरू होगा उत्सव

महाशिवरात्रि पर गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी में गायत्री ट्रस्ट द्वारा मां गायत्री की विशेष पूजा और दस स्नान के साथ ही वैदिक मंत्रो से आहुतियां दी जाएगी। ट्रस्ट के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस ने बताया मां गायत्री के स्थापना दिवस का पर्व है। इस दिन मां गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी इसलिए परिजनों के लिए महाशिवरात्रि का दिन और भी खास है। आगे बताया की 14 फ़रवरी की सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक माताजी की साधना और महामंत्रो का जाप किया जाएगा। रविवार को सुबह माताजी की 10 स्नान पूजन के साथ ही सुबह 9 बजे भगवान महाकाल का दिव्य मंत्रो से अभिषेक किया जाएगा। वैदिक मंत्रो के साथ गायत्री महामंत्रो से यज्ञ में आहुतिया दी जाएगी।

### दिनभर रहा उत्सव का माहौल किया दिव्य श्रृंगार

नीलकंठ सेवा संस्था की पहल पर स्टेशन रोड नहरपारा स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में जहां 12 फरवरी से महोत्सव शुरू हो गया है। पं. नीलकंठ त्रिपाठी ने बताया कि पहले दिन पीताम्बरा उत्सव मनाया गया। इसके बाद 13 को मंदिर में दिनभर वैवाहिक उत्सव का माहौल रहा। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल हुए। शाम को भगवान शिव का हरित श्रृंगार उत्सव मनाया गया। इस श्रृंखला में शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक पूजा और अभिषेक सहित श्रृंगार दर्शन का अवसर भक्तों में मिलेगा। वहीं 15 को शिव-पार्वती मिलन उत्सव मनाया जाएगा। 16 को मां अन्नपूर्णा महाप्रसादी उत्सव मनाया जाएगा।





### ब्रह्मलोक आश्रम में भक्त करेंगे रुद्राभिषेक

विश्व जागृति मिशन के संस्थापक और देश -विदेश में लोकप्रिय संतश्री सुधांशु महाराज द्वारा स्थापित ब्रह्मलोक आश्रम में महाशिवरात्रि की धूम रहने वाली है। 15 को होने वाले आयोजन के संदर्भ में संस्था के मीडिया प्रभारी अश्वनी विग ने बताया कि इस अवसर पर परसदा में महा रुद्राभिषेक का आयोजन भक्तों की उपस्थिति में किया जाएगा। रुद्राभिषेक रविवार सुबह 10 बजे शुरू होगा।

### महाराष्ट्र मंडल में 61 जोड़े साथ करेंगे दुग्धाभिषेक

महाराष्ट्र मंडल और महाराष्ट्र संस्कार केंद्र के संयुक्त प्रयास में रविवार को सामूहिक लघु रुद्राभिषेक किया जाएगा। महाराष्ट्र संस्कार केंद्र का 25वां वर्ष होने से मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजन को भव्य और आकर्षक बनाने की तैयारी है। अजय पोतदार के मार्गदर्शन में बनाई जाने वाली 12 ज्योतिर्लिंग की झांकियां सभागृह में श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र होगी। आचार्य चेतन दंडवते ने बताया कि इस वर्ष 61 जोड़े दूध से रुद्राभिषेक करेंगे। पूजन में बैठने के लिए कार्यालय में पंजीयन की प्रक्रिया जारी है।


### कैलाश गिरी शिव मंदिर में आज से उत्सव


बसंत विहार कॉलोनी गोंदवारा स्थित कैलाश गिरी शिव मंदिर परिसर एक बार फिर धार्मिक आस्था और भक्ति के रंग में रंगने जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां की गई है। इसमें श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, साधना और उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। आयोजन की श्रृंखला 14 फरवरी को श्रद्धा- भक्ति के साथ शुरू होगी। संगीयमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं रविवार को महाशिवरात्रि महोत्सव विधि-विधान से मनाया जाएगा। मंदिर समित के अध्यक्ष भास्कर साहू ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों मे जुटे हुए हैं।




# इस बार गर्मी में रात 10 बजे तक कर सकेंगे तैराकी, बढ़ने लगे रजिस्ट्रेशन

*रायपुर। गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एक बार फिर बच्चे व युवा शाम के वक्त इंटरनेशनल स्वीमिंग में आना शुरू कर दिया है। ठंड खत्म होने के बाद अब फरवरी महीने से लोग गर्मी के चार महीने के लिए रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। पूल के संचालक पीके चंद्राकर ने बताया कि गर्मी के बढ़ने के पास स्वीमिंग पूल में आने वालों की संख्या भी बढ़ने लगती है। इस बार शुल्क में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। एक महीने का 2 हजार शुल्क है। रजिस्ट्रेशन के लिए फार्म के साथ दो फोटो, आधारकार्ड का फोटोकॉपी जमा करना पड़ता है। स्वीमिंग पूल में सभी वर्ग के लोग नहाने पहुंच रहे हैं। स्वीमिंग पूल आने वालों के लिए समय भी निर्धारित किया गया है, जिसमें अलग-अलग समय में स्वीमिंग का मजा लेने पहुंच रहे हैं। सुबह 6 बजे से 11 बजे तक स्वीमिंग पूल ओपन रहती है और वहीं शाम 4 बजे से 9 बजे तक स्वीमिंग पूल चालू रहती है। गर्मी में रात 10 बजे तक समय बढ़ा दिया जाता है। इस बार इसका आनंद ले सकेंगे।*







# अध्यात्म समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का श्रेष्ठ माध्यम



**रायपुर।** आध्यात्मिक चेतना केंद्र 'अध्यात्म विज्ञान शाला' उपकेंद्र द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन का गरिमामय समापन किया गया। इसमें ओंकारेश्वर से आए जगतगुरु उमाशंकर चैतन्य (षष्ठम संचालक, अध्यात्म विज्ञान शाला) ने अपने प्रवचन से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने शुक्रवार को बताया कि इस आयोजन में वेदों के माध्यम से प्रेम और सद्भाव के मार्ग पर चलते हुए किस तरह से समाज को जोड़ने का काम किया जा सकता है। चैतन्य महाराज ने अंतिम दिन विभिन्न वेदों, ऋचाओं और मंत्रों का उच्चारण करते हुए कई रोचक जानकारी दी। बताया कि यह समाज में समरसता, प्रेम और आपसी सद्भाव बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। अध्यात्म केवल एकांत की साधना नहीं, बल्कि समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का माध्यम है।

### धार्मिक अनुष्ठान के बाद भंडारा प्रसाद

समापन दिवस पर विशेष अनुष्ठान किया गया। मुख्य आकर्षण नर्मदा आरती रही। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के लोगों और श्रद्धालुओं ने भी भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर अध्यात्म विज्ञान शाला के विभिन्न केंद्रों के पदाधिकारी शामिल हुए। इनमें मुख्य रूप से स्वरूपानंद, आचार्य राजेंद्रानंद, खेमलाल साहू (अध्यक्ष, रायपुर उपकेंद्र), अजय नायडू, भरतलाल यद्धु, मन्नूलाल यद्धु, केशव यद्धु, राजेश कुमार राजपूत और कमलेश मटियारा ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया।

**रंगों के महापर्व से पहले बाजार में बढ़ने लगी रौनक**


# होली से पहले बाजार में हर्बल रंगों की धूम, चेहरे को बचाने मास्क और नकली बालों की मांग भी

**कार्नर न्यूज**

*इस साल भी होली से पहले शहर के गोलबाजार में हर्बल रंगों की धूम है। इस बार दुकान संचालक नौ रंगों में हर्बल गुलाल उपलब्ध करा रहे हैं। इसे लगाने से त्वचा पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं होगा। साथ ही होली के रंगों से बालों और चेहरे को सुरक्षित रखने के लिए बाजार में स्टाइलिश मास्क और विभिन्न रंगों की विग की भारी मांग है।*

**रायपुर।** सुरक्षा के साथ लोग फैशन को देखते हुए खरीदी करने भीड़ से बचने के लिए पहले ही पहुंचने लगे हैं। 50 रुपए से लेकर 300 तक की रेंज में चेहरे और बालों को बचाने के लिए मास्क और नकली बाल दुकानदार लोगों को उपलब्ध करा रहे हैं। इस तरह की सामग्री को सबसे ज्यादा बच्चों के लिए खरीदने में लोग रुचि ले रहे हैं। जबकि युवा गॉगल्स और चेहरे को बचाने मास्क खरीद रहे हैं।









### रंगों से बचाने के लिए स्टाइलिश विग्स

अरिहंत जैन ने बताया कि हर्बल रंगों की डिमांड लगातार बढ़ रही है। त्वचा और बालों के लिए सुरक्षित, प्राकृतिक अवयवों से रंगों को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। लोग रंग से बचने के लिए फैंसी और सुरक्षात्मक मास्क तलाश रहे हैं। सबसे ज्यादा बच्चों के लिए खरीदा जा रहा है। वहीं बालों को हानि कारक रंगों से बचाने के लिए स्टाइलिश विग्स की पूछ-परख इन दिनों बाजारों में बढ़ गई है। दुकान संचालक ने बताया कि अब प्रतिबंधित मास्क की जगह ऐसे मास्क तैयार किए गए हैं, जो केवल स्कीन को रंगों से बचाएगा। इसके लिए शास्त्री बाजार, गोल बाजार और पंडरी में विशेष स्टॉल्स सजाए गए हैं।

### पक्के रंगों का चलन भी पहले से कम

दुकान संचालकों ने बताया कि हर्बल रंगों को लेकर लोग ज्यादा डिमांड करते हैं। इसमें भी अलग-अलग रेंज में कलर मिलने से लोग लोकल रंगों को नकार रहे हैं। गाढे रंगों की पूछ-परख अब समय के साथ कम होने लगी है। शहरी क्षेत्र में ज्यादातर लोग सरकारी और प्राइवेट जॉब से जुड़े हैं। इसके चलते लोग पर्व को ऐसे रंगों से मनाना पसंद करते हैं, जिसका रंग जल्दी उतर जाए। इसके लिए कम दाम वाले गुलाल और रंगों की बजाय महंगे रंगों को खरीदना पसंद कर रहे हैं। वहीं युवाओं का एक वर्ग पक्के रंगों की मांग करता है। हालांकि इस तरह के रंगों का चलन अब पहले की अपेक्षा बहुत कम हो गया है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### आयुष का तीसरा शतक और शोभित के नाबाद 135




**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टूबर 2025 से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का छठवां मैच (13 फरवरी से 16 फरवरी) रेलवे मैदान, राजकोट में रेलवे अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ़ अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 91 ओवरों में 1 विकेट खोकर 323 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रांरभिक बल्लेबाज आयुष पांडे ने लगातार तीन पारियों में तीसरा शतक लगाते हुये 153 रन बनाए। छत्तीसगढ़ के लिये लगातार पारियों में 3 या उससे ज्यादा शतक लगाने वाले आयुष चौथे बल्लेबाज बने। इससे पहले इयान कॉस्टर, सानिध्य हुरकत और संजित देसाई भी यह कारनामा कर चुके हैं। उनके अतिरिक्त शोभित शर्मा ने भी शानदार शतक लगाते हुए नाबाद 135 रन बनाए। आयुष तथा शोभित के मध्य पहले विकेट के लिये रिकार्ड 274 रनों की साझेदारी हुई, इसके पूर्व आयुष एवं सानिध्य हुरकत के मध्य 2020 में त्रिपुरा के विरुद्ध 238 रनों की साझेदारी हुई थी। मयंक वर्मा 26 रन बनाकर नाबाद हैं। रेलवे अंडर 23 टीम की ओर से अंश यादव ने 1 विकेट प्राप्त किये। पहले दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 323 रन बना लिये है।

### नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए सब जूनियर का स्टेट ट्रायल कल



**रायपुर।** 46वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने वाली छत्तीसगढ़ की सब जूनियर वॉलीबॉल टीम हेतु प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 15 फ़रवरी को सुबह 9 बजे से सप्रे स्कूल स्थित वॉलीबॉल मैदान में रखा गया है। टीम में चयनित खिलाड़ी हुगली (पश्चिम बंगाल) में 24 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित 46 वीं सब जूनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेंगे। चयन में छत्तीसगढ़ राज्य के खिलाड़ी ही हिस्सा ले सकते हैं। खिलाड़ियों को 15 फरवरी को सुबह 9 बजे सप्रे स्कूल रायपुर पहुंचना होगा। खिलाड़ियों को अपनी जन्मतिथि प्रमाणित करने बोर्ड की मार्कशीट एवं आधार कार्ड की ओरिजिनल व फोटो कॉपी व 4 फोटो साथ में लानी होगी। चयन प्रक्रिया में 1 जनवरी 2010 के बाद जन्मे खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं।

### हैंडबॉल में रविवि की टीम ने ऑल इंडिया के लिए किया क्वालीफाई

**रायपुर।** ईस्ट ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी हैंडबॉल




प्रतियोगिता का आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मेघालय में 10 से 14 फरवरी तक किया गया। जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की हैंडबॉल महिला टीम ने बरहमपुर यूनिवर्सिटी को 10–17 से हराकर ऑल इंडिया के लिए क्वालीफाई किया। टीम की कप्तान रेणुका, टुकेश्वरी, प्रेमलता, अनीता, केश्वरी, ममता, हेमा, खुशी, अनामिका, पूजा, चारु, तृप्ति, ऊषा, तनु व मैनेजर डॉ. अयाज़ अहमद ख़ान एवं कोच डेरहिन ध्रुव है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. राजीव चौधरी तथा निदेशक प्रो. रीता वेणु गोपाल एवं प्रोफेसर सी.डी. आगासे ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

### बॉल बैडमिंटन खिलाड़ी रामू का भारतीय टीम में चयन




**रायपुर।** इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन सीरिज के लिए कवर्धा के रामू सिंह ठाकुर का चयन किया गया है। यह चयन प्रतियोगिता दिल्ली के विकासपूरी मैदान में 7 से 9 अक्टूबर तक रखी गई थी। जिसमे भारत के सभी राज्य के 173 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इंडिया इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरिज का आयोजन 13 से 19 फरवरी तक आयोजित की गई है। रामू की इस उपलब्धि पर नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी एवं पूर्व ज़िला वनमंडलाधिकारी चूड़ामणि सिंह, सहायक संचालक ज़िला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता, रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल एम शारदा, प्रबंधक रामकृष्ण स्कूल आदित्य सिंह, पूर्व ज़िला क्रीड़ा अधिकारी एच डी क़ुरैशी, पूर्व सहायक ज़िला क्रीड़ा अधिकारी महोबिया जी, दिनेश साहू ने हर्ष जताया है।

#### हाई ट्राइग्लिसराइड प्रभावित करता है पूरे शरीर को

# ब्लड टेस्ट में बार-बार हाई ट्राइग्लिसराइड आना खतरे की घंटी, शरीर के कई अंगों पर पड़ता है इसका असर


हाई ट्राइग्लिसराइड का असर सिर्फ दिल तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह पूरे शरीर को प्रभावित करता है। सबसे बड़ा खतरा हृदय रोग का होता है, क्योंकि यह एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के साथ मिलकर धमनियों को सख्त और संकरी बना देता है। इसके अलावा दो और अंगों की दिक्कतें बढ़ जाती हैं।

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम तो जरूरी है ही साथ ही जरूरी है नियमित रूप से हेल्थ चेकअप कराते रहना। खराब जीवनशैली, खानपान में गड़बड़ी और तनाव के कारण कई बीमारियां बिना लक्षण के शरीर में पनपती रहती हैं, जिनका समय रहते पता लगाना जरूरी हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अगर हम सभी नियमित हेल्थ चेकअप की आदत बना लेते हैं तो इससे कई गंभीर बीमारियों का समय रहते आसानी से पता लगाकर उनका इलाज किया जा सकता है। जिस तरह से दिल की बीमारियां सभी उम्र वालों में देखी जा रही हैं, ऐसे में लिपिड प्रोफाइल टेस्ट एक जरूरी टेस्ट है। नियमित हेल्थ चेकअप शरीर की अंदरूनी स्थिति का आईना होता है। इससे ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और हार्मोनल असंतुलन जैसी समस्याएं



शुरुआती स्टेज में पकड़ में आ जाती हैं। लिपिड प्रोफाइल टेस्ट खून में मौजूद फैट के स्तर को मापता है, जिसमें टोटल कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड का पता चलता है। अगर ये अक्सर बढ़े रहते हैं तो इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक के जोखिम हो सकता है। क्या हर बार ब्लड टेस्ट में आपका ट्राइग्लिसराइड लेवल अक्सर हाई आता है? आइए जान लेते हैं इसके क्या नुकसान हो सकते हैं?

## पहले जान लीजिए ट्राइग्लिसराइड होता क्या है?



ट्राइग्लिसराइड एक तरह का फैट है, जो शरीर को ऊर्जा देने के लिए जरूरी माना जाता है। जब हम जरूरत से ज्यादा कैलोरी वाली चीजें खाते हैं तो इससे ट्राइग्लिसराइड का स्तर बढ़ने लग जाता है। शरीर में अतिरिक्त कैलोरी, अल्कोहल और शुगर ट्राइग्लिसराइड्स में बदल जाते हैं। ज्यादा तला-भुना और मीठा खाना, जरूरत से ज्यादा कार्बोहाइड्रेट वाली चीजें भी ट्राइग्लिसराइड के स्तर को बढ़ाने वाली हो सकती हैं। अगर खून में इसका स्तर 150 एमडी/डीएल से ऊपर चला जाए तो इसे हाई ट्राइग्लिसराइड माना जाता है।

## क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, खून की जांच में अक्सर लोग सिर्फ कोलेस्ट्रॉल पर ध्यान देते हैं, लेकिन ट्राइग्लिसराइड की अनदेखी भारी पड़ सकती है। जिन लोगों का ट्राइग्लिसराइड लेवल अक्सर 150 से ऊपर बना रहता है उन्हें अलर्ट हो जाना चाहिए। ट्राइग्लिसराइड लेवल 200 के पार जाने पर दिल की धमनियों में चर्बी जमने लगती है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ वी.के. रस्तोगी बताते हैं, लिपिड प्रोफाइल में कोलेस्ट्रॉल और



ट्राइग्लिसराइड दोनों बढ़े हों तो जटिलताएं और ज्यादा हो सकती हैं। ट्राइग्लिसराइड बढ़ने से सबसे बड़ा खतरा हृदय रोग का होता है, क्योंकि यह बैड कोलेस्ट्रॉल के साथ मिलकर धमनियों को सख्त और संकरी बना देता है।दिल की सेहत के साथ-साथ हाई ट्राइग्लिसराइड वाले लोगों के शरीर के कई अन्य अंगों पर भी असर पड़ सकता है।

## दिल के साथ इन अंगों को भी खतरा

डॉ रस्तोगी कहते हैं, हाई ट्राइग्लिसराइड सिर्फ दिल की सेहत के लिए खतरा नहीं है। इसका असर लिवर और पैंक्रियाज पर भी पड़ता है। ट्राइग्लिसराइड ज्यादा होने से फैटी लीवर की समस्या पैदा होती है। डायबिटीज के मरीजों में यह और तेजी से बढ़ता है। 500 से ऊपर जाने पर पैंक्रियाटाइटिस जैसी जानलेवा स्थिति बन सकती है। खास बात यह है कि शुरुआत में इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते। यही वजह है कि मरीज तब डॉक्टर तक पहुंचता है, जब नुकसान हो चुका होता है।



# गुजराती स्कूल के खेल में हुए रोचक मुकाबले

**रायपुर।** श्री गुजराती स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में जूनियर ने सीनियर को कड़ी टक्कर दी। सत्र 2025-26 की शालेय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता श्री गुजराती उ मा शाला, देवेन्द्र नगर में मिडिल स्कूल (6वी से 8वी), हाई स्कूल (9वी,10वी) एवँ हायर सेकण्डरी (11वी,12वीं) के बालक और बालिका वर्ग में पृथक पृथक सम्पन्न हुई।

प्राचार्य अनीस मेमन ने बताया कि शालेय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक एवँ बालिका के वर्ग में टीम गेम (दलीय खेल) में कबड्डी, खो-खो एवँ रिले रेस के अलावा व्यक्तिगत खेल में कुर्सी दौड़, रस्सीकूद एवं स्लो साईकल और इंडोर गेम्स में कैरम, शतरंज, बैडमिंटन आदि खेल का आयोजन विभिन्न प्रभारी शिक्षकगण के माध्यम से हुआ।

दौड़ प्रतियोगिता का उदघाटन प्राचार्य अनीस मेमन ने हरी झण्डी दिखाकर किया। कब्बड्डी खेल के साथ प्रतियोगिता समापन अवसर पर प्रबन्ध समिति श्री गुजराती शिक्षण संघ के उपाध्यक्ष अशोक भाई पटेल, सचिव हेमन्त गोहिल एवँ सहसचिव प्रवीण भाई पटेल आदि उपस्थित थे। अधिकतर खेलों में जूनियर्स ने अपने सीनियर को कड़ी टक्कर दी।

## टीम गेम के परिणाम

कबड्डी - बालक मिडिल स्कूल में 8वीं अ विजेता, 6 वीं ब उपविजेता, हाई स्कूल में 10वीं ब विजेता, 9 वीं अ उपविजेता, हायर सेकंडरी में 12वीं ब विजेता, 11वीं ब उपविजेता, रिले रेस बालक मिडिल स्कूल में 8वीं ब विजेता,6वीं अ उपविजेता, हाई स्कूल, 10वीं ब विजेता,9वीं ब उपविजेता, हायर सेकंडरी,11वीं ब विजेता, 12वीं स उपविजेता, खो खो- बालिका मिडिल स्कूल में 8वीं ब विजेता, 7वीं ब उपविजेता, हाई स्कूल,10वीं अ विजेता, 9वीं अ उपविजेता, हायर सेकंडरी, 12वीं विजेता, 11वीं उपविजेता, रिले रेस-बालिका (मिडिल स्कूल) 8वीं ब विजेता, 7वीं अ उपविजेता, हाई स्कूल 10वीं अ विजेता, 9वीं अ उपविजेता, हायर सेकंडरी 12वीं ब विजेता और 11वीं स उपविजेता रहे

# पुरानी शर्ट का किचन में करें यूनिक तरीके से इस्तेमाल



अगर आपके घर में कपड़ों का ढेर लग गया है, तो हम आपको शर्ट को इस्तेमाल करने के हैक्स जरूर जानने चाहिए। इनकी मदद से आप ढेर सारे काम को निपटाया जा सकता है।

## पुरानी शर्ट से बनाएं स्टाइलिश और इको-फ्रेंडली एप्रन

अगर आपके पास पुरानी शर्ट है और आप उसे फेंकने की सोच रहे हैं, तो रुक जाइए! आप उसी शर्ट से एक सुंदर, टिकाऊ और किफायती एप्रन बना सकते हैं। यह न केवल किचन में आपके कपड़ों को गंदा होने से बचाएगा, बल्कि पर्यावरण के लिए भी फायदेमंद रहेगा क्योंकि आप पुराने कपड़ों को दोबारा इस्तेमाल कर रहे हैं। तो आइए जानते हैं कि शर्ट से आप कैसे एप्रन बना सकते हैं।

## क्या करें?

पुरानी शर्ट को फ्लैट रखें और पीछे के हिस्से को समतल कर लें। फिर आगे के बटन वाले हिस्से को एप्रन के फ्रंट की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। दोनों स्लीव्स को सीम के पास से काट दें। कॉलर को भी हटा दें, ताकि नेकलाइन एप्रन जैसी दिखे। शर्ट के दोनों किनारों को हल्का सा कर्व शेप में काटें। अगर शर्ट बहुत बड़ी है, तो शर्ट के बचे हुए कपड़े से दो स्ट्रिप्स काट लें। इन्हें फीते या रिबन की तरह इस्तेमाल करें और साइड में जोड़ दें। नेक स्ट्रैप के लिए, कॉलर के पास एक छोटा सा लूप बनाएं और उसे सुई-धागे या ग्लू से चिपका दें। शर्ट की फ्रंट पॉकेट को न हटाएं, यह एप्रन में पहले से बनी जेब की तरह काम करेगा।



# कपल्स अपनाएं फिटनेस टिप्स, हेल्थ रहेगी ठीक और बढ़ेगा प्यार

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद के लिए समय निकालना मुश्किल हो गया है। ऐसे में कुछ मौके ऐसे होते हैं जब आप पार्टनर के साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं और साथ ही अपनी सेहत का भी ध्यान रख सकते हैं। फिटनेस गोल्स को एक साथ पूरा करने से न सिर्फ आप दोनों स्वस्थ रहेंगे, बल्कि आपके रिश्ते में प्यार और मजबूती भी आएगी। कपल्स को कौन से फिटनेस टिप्स अपनाने चाहिए? इसके बारे में हमें एलीव हेल्थ की हैबिट कोच और एसीई पर्सनल ट्रेनर, श्रेया अय्यर बता रही हैं। लेकिन, सबसे पहले हम इस बारे में जानकारी ले लेते हैं कि कपल्स का साथ एक्सरसाइज करना क्यों जरूरी होता है? पार्टनर के साथ एक्सरसाइज करना क्यों जरूरी है?

## मिलता है क्वालिटी टाइम

आजकल ज्यादातर कपल्स एक-दूसरे को कम समय दे पाते हैं। लेकिन, साथ में एक्सरसाइज करने से आपको एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का मौका मिलता है।

## मजबूत होती है बॉन्डिंग

हेल्दी लाइफस्टाइल जीने और साथ में एक्टिविटीज करने



से कपल्स की बॉन्डिंग मजबूत होती है, वह खुश रहते हैं और पॉजिटिव महसूस करते हैं।

## मिलती है प्रेरणा

जब आप अकेले एक्सरसाइज करते हैं, तब कई बार आलस आ जाता है। लेकिन, जब पार्टनर आपके साथ होता है, तो आपको प्रेरणा मिलती है और आप आसानी से अपने गोल्स को पूरा कर पाते हैं।

## मानसिक स्वास्थ्य होता है मजबूत

पार्टनर के साथ एक्सरसाइज करने से आप दोनों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। यह तनाव को कम करने और निश्चय पूर्वक रहने में मदद करता है।

## मॉर्निंग वॉक करें

सुबह की ताजी हवा में पार्टनर के साथ वॉक पर जाना एक बेहतरीन शुरुआत हो सकती है।

## रोज योगासन करें

योगासन करने से शरीर और मन दोनों शांत रहते हैं। आप साथ में योगा क्लास ज्वाइन कर सकते हैं या घर पर ही ऑनलाइन योगा वीडियोज से सीख सकते हैं।

## जिम से मिलती है फिटनेस

अगर आप दोनों को जिम जाना पसंद है, तो साथ में जाकर एक्सरसाइज करें। एक-दूसरे को सपोर्ट करें और मोटिवेट करें।


## कुछ देर डांस करें

डांस एक मजेदार एक्सरसाइज है। आप घर पर ही म्यूजिक लगाकर डांस कर सकते हैं या डांस क्लास ज्वाइन कर सकते हैं।



# कम खर्च में आरामदायक जीवन जीना आसान मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल को अपना रहे लोग

कहते हैं, 'कम इच्छाएं रखना और जो आपके पास है, उससे संतुष्ट रहना जीवन को सरल बनाता है।' बस, इसी सरल जीवन की चाह में लोग अब मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल को अपना रहे हैं। अनुजा अभी-अभी सोसाइटी की सेक्रेटरी चुनी गई है। उसे अपनी इस उपलब्धि की बेहद खुशी है, जिस वजह से उसने घर पर एक छोटी-सी पार्टी भी रखी है। पार्टी में उसने सोसाइटी में रहने वाले सभी लोगों को बुलाया है। अनुजा की सोसाइटी की कई सहेलियां पहली बार उसके घर भी आई हैं। सान्या भी उन्हीं में से एक है, लेकिन जैसे ही सान्या ने अनुजा का किचन देखा, वह हैरान रह गई।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बैड बनी ने इंस्टा पर 53.3 मिलियन फॉलोअर्स को दिया तगड़ा झटका




प्यूर्टो रिको के सिंगर और रैपर बैड बनी के इंस्टाग्राम से उनके सारे पोस्ट और यहां तक कि प्रोफाइल फोटो भी गायब हैं। इसके चलते बे नि टो एं टो नि यो मा र्टि ने ज ओकासियो उर्फ बैड बनी सुर्खियों में हैं। प्यूर्टो रिको के सिंगर और रैपर ने जहां इस साल 2026 में अपना पहला ग्रैमी अवॉर्ड जीता, वहीं 'सुपर बाउल हाफटाइम' के दौरान उनकी 13 मिनट की परफॉर्मेंस ने भरदम शोर मचा रखा है। इतना कि अमेरिकी राष्ट्र पति डोनाल्ड ट्रंप और उनके नेतृत्व वाली राइट-विंग अमेरिकी आबादी बुरी तरह बिफरी हुई है। एक ओर जहां बैड बनी की तारीफ हो रही है, वहीं ट्रंप और उनके सपोर्टर का गुस्सा सातवें आसमान पर है, जिन्होंने इस परफॉर्मेंस को 'बहुत ही खराब' कहा है। लेकिन इस पूरे विवाद और शोर के बीच बैड बनी के इंस्टौग्राम अकाउंट से सारे पोस्टे गायब हो गए हैं। समझा जा रहा है कि सिंगर ने खुद ही अपने प्रोफाइल से सब डिलीट कर लिया है! उनके इस फैसले ने हर किसी को चौंका दिया है, क्योंखकि इंस्टालग्राम पर उनके 53.3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से सिंगर के सभी पोस्ट गायब हैं। उन्हों ने प्रोफाइल फोटो हटा दी है। यह एक बड़ा रीसेट है, जो आम तौर पर किसी टेक्निकल दिक्कत के कारण होता है। लेकिन ऐसा लग रहा है कि इस मामले में यह जानबूझकर लिया गया फैसला है। इसकी वजह है ऐसा करने की टाइमिंग। सुपर बाउल में उनकी परफॉर्मेंस के बाद जिस तरह की प्रतिक्रिया आई है, लगता है कि उससे परेशान होकर सिंगर ने यह फैसला किया है।

### टॉलीवुड

## ब्रांड एंबेसडर बनकर विवादों में तमन्ना, सांसद बोले- कन्नड़ एक्ट्रेस क्यों नहीं



कर्नाटक की 108 साल पुरानी विरासत 'मैसूर चंदन साबुन' फिर से अपने प्रोडक्ट मार्केट में ला रहा है। इसकी ब्रांड एंबेसडर तमन्ना भाटिया को बनाया गया है और इस बात तो लेकर बहस छिड़ गई है कि कोई कन्नड़ एक्ट्रेस इस ब्रांड का चेहरा क्यों नहीं है।


लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री एम.बी. पाटिल ने मैसूर चंदन साबुन के दोबारा आने की घोषणा की और बताया कि के.एस.डी.एल. ने 2030 तक अपना एनुवल कारोबार बढ़ाकर 5,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पाटिल ने लिखा, 'एक सदी से अधिक की विरासत, अब एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ भविष्य की ओर मजबूती से कदम बढ़ा रही है! कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट्स लिमिटेड (के.एस.डी.एल.) एक नए चरण में प्रवेश कर रही है।'

पाटिल ने कहा, 'डिजिटल मार्केटिंग, निर्यात विस्तार और नवाचार पर ध्यान देते हुए, केएसडीएल का लक्ष्य 2030 तक 5,000 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करना है - यह कर्नाटक सरकार का इसे वैश्विक ब्रांड बनने की दिशा में एक साहसिक कदम है।' सोशल मीडिया पोस्ट में ब्रांड एंबेसडर तमन्ना भाटिया की तस्वीर वाला एक पोस्टर था।

भाजपा सांसद के. सुधाकर ने इसे कांग्रेस की 'कन्नड़ विरोधी मानसिकता' करार दिया। कांग्रेस को गद्दार पार्टी बताते हुए सुधाकर ने लिखा, 'हमारे अपने कन्नड़ क्षेत्र में कई स्टार्स होने के बावजूद, कांग्रेस सरकार ने करोड़ों रुपये देकर कर्नाटक के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय ब्रांड मैसूर सैंडल सोप का ब्रांड एंबेसडर बनने के लिए दूसरे राज्य और दूसरी भाषा की एक फिल्म एक्ट्रेस को नियुक्त किया है।

### भोजपुरी

## अभिनेत्री ने मायानगरी में खरीदा आलीशान घर, शेयर कीं फोटो



भोजपुरी इंडस्ट्री के सितारे खूब लाइमलाइट में रहते हैं। कोई अपने नए गाने को लेकर ट्रेंड में रहता है तो कोई एक्शन से भरपूर फिल्मों के लेकर। अब एक भोजपुरी अदाकारा चर्चा बटोर रही हैं। वजह है, उनका नया घर। ये एक्ट्रेस हैं, काजल राघवानी। काजल ने नया घर लिया। चाबियां फ्लॉन्ट करते हुए उन्होंने अपने घर की फोटोज भी शेयर की हैं। काजल राघवानी ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वे फ्लैट की चाबियां लेती दिख रही हैं। इसके बाद उन्होंने अपने नए घर के होम टूर की झलक भी शेयर की हैं। काजल नए घर की चाबियां हाथ में लेकर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। बालकनी से उन्होंने पोज दिए हैं, जहां से काफी अच्छा व्यू दिख रहा है।

तस्वीरें शेयर करते हुए काजल ने कैप्शन लिखा है, 'गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया', 'नमः पार्वती पते हर हर महादेव'। काजल ने यह फ्लैट मुंबई के नॉर्थ बर्सिलोना में लिया है। एक्ट्रेस को नए घर के लिए फैंस बधाई दे रहे हैं। सेलेब्स भी उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। चर्चित भोजपुरी एक्ट्रेस रानी चटर्जी ने भी बधाई देते हुए कमेंट किया है। काजल राघवानी भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने 16 साल की उम्र में अभिनय की शुरुआत की थी। हालांकि, उन्होंने करियर गुजराती इंडस्ट्री से शुरू किया। 16 साल की उम्र में काजल को गुजराती फिल्म में काम करने का ऑफर मिला।

## शाही शान

शेरवानी शाही शान की पहचान है, इसलिए शादियों के लिए बिल्कुल पहली पसंद है। यह आउटफिट भारतीय संस्कृति का एक अहम हिस्सा है और शाही लुक देता है। सिल्क शेरवानी, पेस्टल शेरवानी और अनारकली स्टाइल शेरवानी को आज के नौजवान शादी के फैशन में तरजीह दे रहे हैं।



लाइफ स्टाइल

## चाहिए इंस्टेंट ग्लो तो फॉलो करें ये टिप्स, घंटे भर में दमकेगा चेहरा

यदि आपको भी आप कहीं डेट पर जाना है लेकिन पार्लर जान का समय नहीं मिल रहा तो हम यहां आपको कुछ ऐसे स्क्रब और फेस पैक के बारे में बताएंगे, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। इन फेस-पैक के इस्तेमाल से लिए आपको पैसे ख4च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस्तेमाल से पहले बस पैच टेस्ट करें, और चेहरे को दमकाने में इसका उपयोग करें।

### चीनी और शहद का स्क्रब

इस स्क्रब को बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले चीनी, शहद और नींबू का रस अच्छे से मिला लें। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें। मसाज के बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। इस स्क्रब से चेहरा काफी खिल उठेगा।

### ओटमील और दही का स्क्रब

ये स्क्रब बनाना काफी आसान है। इसके लिए सबसे पहले आपको ओटमील और दही का पेस्ट तैयार करना है। स्क्रब तैयार करने के बाद इस मिश्रण को चेहरे पर लगाकर 5-7 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। अब आखिर में चेहरा धो लें। इस स्क्रब से त्वचा पर ताजगी आती है।

### बेसन और हल्दी का पैक



बेसन और हल्दी का पैक बनाने के लिए एक चम्मच बेसन, 1/4 चम्मच हल्दी और 1-2 चम्मच दूध चाहिए। सबसे पहले सभी सामग्री को अच्छे से मिला लें और एक पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 15-20 मिनट तक सूखने दें। कुछ देर चेहरा सुखाने के बाद धो लें। ये फेस पैक चेहरे को ग्लोंइग इफेक्ट देता है।

### एलोवेरा और गुलाब जल फेस पैक

एलोवेरा जेल तो तकरीबन हर घर में पाया जाता है। ऐसे में आप एलोवेरा जेल और गुलाब जल को अच्छे से मिला लें।

## एलिगेंट लुक के लिए पहनें खास तरह के फ्लेयर्ड अनारकली सूट





मार्केट में आपको कई तरह के सूट मिल जाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन, अगर आप न्यू और एलिगेंट लुक चाहती हैं तो आप ये फ्लेयर्ड अनारकली सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह की फ्लेयर्ड अनारकली सूट आपके लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट बनाने में मदद करेंगे और इस तरह का सूट आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।

### राउंड नेक डिजाइन अनारकली सूट



अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के अनारकली सूट स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट आप किस फैमिली फंक्शन या पूजा के दौरान वियर कर सकती हैं और इस सूट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। ये आपको हैवी और लाइट दोनों पैटर्न में मिल जाएगा और इसे आप 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ पर्ल वर्क वाले झुमके साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।

### एम्ब्रॉयडरी वर्क अनारकली सूट

अगर आप शादी या सगाई के किसी फंक्शन में शामिल हो रही हैं तो आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क अनारकली सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपका बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आपको इस तरह का सूट कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,500 से 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप चोकर स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट अनारकली सूट

इन दिनों फ्लोरल प्रिंट आउटफिट काफी ट्रेंड में है और एलिगेंट लुक पाने के लिए आप इस तरह के फ्लोरल प्रिंट अनारकली सूट का चुनाव कर सकती हैं।

## कर्ली बाल हो सकते हैं शाइनी और सॉफ्ट, उठाएं जरूरी

कर्ली बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाने के लिए आप इस आर्टिकल में बताई गई टिप्स को फॉलो कर सकती हैं और इन टिप्स को सही तरह से फॉलो करने से बालों को ग्रोथ भी अच्छी रहेगी साथ ही सुंदर भी नजर आएंगे।

### कंघी का न करें इस्तेमाल

बाल शाइनी और सॉफ्ट हो इसके लिए आप बालों पर कंघी का इस्तेमाल न करें। कर्ली बालों को कंघी करने से ये डैमेज हो जाते हैं और इस वजह से इनकी चमक भो खो जाती है। वहीं ये समस्या न हो इसके लिए आप बड़े दांत वाले कंघी का इस्तेमाल करें।

### बालों पर जरूर करें कंडीशनर का इस्तेमाल

अगर आप चाहती है कि आपके बाल सिल्की और शाइनी नजर आए तो आप इन्हें धोने के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल जरूर करें। कंडीशनर का इस्तेमाल आप बाल सिल्की होते हैं और इनकी चमक भी बनी रहती है।

हीटिंग टूल्स न करें इस्तेमाल



कर्ली बाल के खराब होने की वजह हीटिंग टूल्स भी है। दरअसल, घुंघराले बाल मुलायम होते है और हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करती हैं तो बाल खराब हो जाते हैं। वहीं अगर आप बालों हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करती हैं तो इस वजह से बाल खराब हो जाते हैं। इस वजह से बाल हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल न करें।

### बालों को टॉवल न रगड़े

बाल हेल्दी और इनकी चमक बनी रहे इसके लिए धोने के बाद इन्हें सुखाने के बाद टॉवल को न रगड़े। अगर आप बालों को धोने से रगड़ने से आप बाल फ्रिजी हो सकते हैं।

## पैरों की चमक लौट आएगी इन टिप्स से

बदलते मौसम का असर जहां सेहत और स्किन पर होता है तो वहीं इस दौरान पैरों पर खास ख्याल रखना पड़ता हैं। दरअसल, तापमान और नमी में बदलाव के कारण पैरों की त्वचा रुखी हो जाती है और इस दौरान अगर आप इनकी केयर नहीं करती हैं तो पैरों की स्किन ड्राई हो जाती हैं साथ हो फटने भी लगते हैं। वहीं बदलते मौसम पैरों की खो हुई चमक वापस लाने और इन्हें खूबसूरत बनाए रखने के लिए आप इस टिप्स को फॉलो कर सकती हैं।

### नहाने से पहले करें पैरों की मसाज

पैरों की ड्राईनेस को खत्म करने के लिए आप इनकी अच्छे से मसाज करें और ये काम आप नहाने से पहले करें। नहाने से पहले आप तेल की मदद से पैरों की मसाज करें। वहीं इसके बाद नहा लें और पैरों को भी अच्छी तरह से धो लें। इसके बाद आप पैरों को अच्छी तरह से मॉइस्चराइज कर लें। ऐसे करने से पैरों की ड्राईनेस की समस्या कम होगी साथ ही पैर कोमल और सुंदर नजर आएंगे।

### करें पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल

पैरों को चमकदार बनाए रखने के लिए आप पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल करें और ये काम रात के समय करें।



रात को सोने से पहले पैरों पर पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल करने से ये खूबसूरत हो सकते हैं। रात को सोने से पहले आप पैरों को अच्छी तरह से धो लें और इन्हें अच्छी तरह से पोंछकर पेट्रोलियम जेली अप्लाई करें। इसके बाद आप मसाज करें और इन्हें कवर कर लें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

पैरों को हफ्ते में दो दिन अच्छी तरह साफ करें। पैरों की डेड स्किनको हटाने के लिए हफ्ते में 2 दिन का स्क्रब का इस्तेमाल जरूरकरें। नहाने के बाद पैरों को मॉइश्चराइज जरूरकरें साथ ही उन्हेंकवर भी करें।

कार्नर न्यूज

सही कपड़ों का चुनाव और उन्हें सही तरीके से पहनना बेहद जरूरी

## कम खर्च में भी आप दिख सकते हैं स्टाइलिश संवरने बस रखना होगा इन बातों का ध्यान

अच्छा लुक न सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ाता है, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी को भी निखारता है। ऐसे में सही कपड़ों का चुनाव और उन्हें सही तरीके से पहनना बेहद जरूरी है। आज के समय में युवाओं पर ब्रांडेड कपड़े पहनने का काफी क्रेज है। खासतौर पर बात करें नयी पीढ़ी की तो युवाओं को लगता है कि वो जितने महंगे कपड़े पहनेंगे, उनका लुक उतना ही स्टाइलिश लगेगा। जबकि ऐसा नहीं है। आप सस्ते कपड़े खरीद कर भी अपने लुक को स्टाइलिश दिखा सकते हैं। इसके लिए आपको सिर्फ कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसी बारे में आज हम आपको जानकारी देने जा रहे हैं।

### जगह और कार्यक्रम का रखें ध्यान

कपड़े हमेशा कपड़े और जगह के हिसाब से ही कपड़ों का चयन करना चाहिए। हर अवसर के लिए अलग तरह के कपड़े होते हैं। जैसे कि आप दफ्तर में ज्यादा चमकीले कपड़े पहनकर नहीं आ सकते, वहां आपको सिंपल और सोबर कपड़े ही



पहनने चाहिए। ऐसे ही पार्टी के लिए स्टाइलिश आउटफिट और कैजुअल लुक के लिए आरामदायक ड्रेस पहनें।

### फिटिंग होनी चाहिए

आपके कपड़े यदि गलत फिटिंग के होंगे तो वो आपका लुक बिगाड़ सकते हैं। इसलिए हमेशा अपने बॉडी टाइप के हिसाब से सही फिटिंग के कपड़े चुनें, जिससे आप स्मार्ट और आकर्षक दिखें।

### करें सही रंगों का चयन

यदि आप गलत कलर कॉम्बिनेशन के कपड़ों का चयन करेंगे तो इससे भी आपका लुक बिगड़ सकता है।आजकल सिंपल कपड़ों का ट्रेंड है, ऐसे में बहुत ज्यादा चमकीले रंग या असंगत रंग संयोजन से बचें। इसलिए हमेशा हल्के और गहरे रंगों को बैलेंस करके पहनें।

### हैवी एक्सेसरीज से रहें दूर

कभी भी अच्छा लुक पाने के लिए जरूरत से ज्यादा एक्सेसरीज पहनने से बचें, ये आपके लुक को खराब कर सकती हैं। हमेशा घड़ी, बेल्ट, शूज और बैग जैसे जरूरी एक्सेसरीज को पहनकर अपना लुक सिंपल और एलिगेंट रखें।

### कपड़े पहनते समय मौसम जरूर देखें

यदि आप मौसम के हिसाब से कपड़े नहीं पहनेंगे तो आपको ही काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जैसे कि गर्मियों में हल्के और सूती कपड़े चुनें, जबकि सर्दियों में वॉर्म और लेयर्ड ड्रेसिंग पर ध्यान दें।

कपड़े होने चाहिए साफ

कपड़े भले ही महंगे न हों, लेकिन अगर वे अच्छे से धुले और प्रेस किए हुए हैं, तो आपका लुक शानदार लगेगा। अगर आप गंदे कपड़े पहनेंगे तो वो भले चाहे कितने भी महंगे हों लेकिन आपका लुक बिगाड़ देंगे।

